RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-325 | जयपुर, शुक्रवार, 22 मई 2026 | मूल्य-4 रुपये

## सीजेआई ने हाई कोर्ट को दिए ऑनलाइन सुनवाई करने के निर्देश

**नई दिल्ली।** देश के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने गुरुवार को देश भर के सभी उच्च न्यायालयों को ऑनलाइन सुनवाई करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश ने दिल्ली की सभी अदालतों में ऑनलाइन सुनवाई की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही। ऑनलाइन सुनवाई के आग्रह पर अधिकांश उच्च न्यायालयों ने इसे लागू भी कर दिया है। वकीलों और जजों दोनों के लिए ये स्वैच्छिक अभ्यास के रुप में शामिल करना चाहिए।

## कॉकरोच जनता पार्टी का पुराना एक्स अकाउंट ब्लॉक, नया बनाया

**नई दिल्ली।** डिजिटल संगठन कॉकरोच जनता पार्टी का एक्स अकाउंट गुरुवार को ब्लॉक कर दिया गया। संगठन ने इसके कुछ देर बाद नया अकाउंट बनाया। इसका नाम 'कॉकरोच इज बैक' रखा गया और बायो में लिखा- 'कॉकरोच डोंट डाय' यानी कॉकरोच मरते नहीं। नए अकाउंट से पहली पोस्ट गुरुवार दोपहर 2:29 बजे की गई। शाम 7 बजे तक इसके 50 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए। CJI सूर्यकांत के 'कॉकरोच' वाले बयान के विरोध में बनी इस पार्टी के पुराने एक्स अकाउंट पर 1.93 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स थे।

कलकत्ता हाईकोर्ट का फैसला

## बंगाल में गौवंश वध पर पाबंदी रहेगी जारी

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार के आदेश में दखल देने से मना कर दिया है। सरकार ने बकरीद से पहले बड़े पशुओं के वध पर कुछ रोक लगाई थीं। मुख्य न्यायाधीश सुजय पॉल और न्यायाधीश पार्थ सारथी सेन की बेंच ने इसके खिलाफ पेश सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं। यह सरकारी नोटिस 13 मई को जारी हुआ था। कोर्ट ने कहा कि सरकार का यह फैसला साल 2018 के पुराने अदालती आदेश के मुताबिक ही है।

### पीएम मोदी की मंत्रिपरिषद के साथ अहम बैठक, योजनाओं की प्रगति पर चर्चा

# 'विकसित भारत 2047' सिर्फ एक नारा नहीं, सरकार का लक्ष्य और वादा

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार रात को दिल्ली के सेवा तीर्थ में केंद्रीय मंत्रियों की बैठक हुई। बैठक में सरकार के कामकाज, मंत्रालयों के प्रदर्शन और आगे की योजनाओं पर चर्चा की गई। करीब साढ़े चार घंटे चली बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि 'विकसित भारत 2047' सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि सरकार का लक्ष्य और वादा है। उन्होंने मंत्रियों से तेजी से काम करने और फाइलों में देरी नहीं होने देने को कहा।

पीएम मोदी ने कहा कि सरकार के कामकाज को और आसान बनाया जाए और सुधारों पर ज्यादा ध्यान दिया जाए। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि वे लोगों के बीच जाकर सरकार के पिछले 12 साल के काम और उपलब्धियों की जानकारी दें।



### पीएम मोदी ने बैठक में मंत्रियों को दिए निर्देश

इस बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने मंत्रियों को साफ संदेश दिया कि सरकार के काम में तेजी और कुशलता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि फाइलों को बिना किसी अनावश्यक देरी के तेजी से आगे बढ़ाया जाए और कम समय में ज्यादा काम करने पर ध्यान दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने शासन को और सरल बनाने और सुधारों पर जोर देने की बात कही।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को दोहराते हुए कहा कि यह सिर्फ एक नारा नहीं बल्कि सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हर मंत्रालय को पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ काम करना होगा। इस बैठक में उन मंत्रालयों पर भी चर्चा हुई जिनका प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर रहा है। ऐसे मंत्रालयों को अपनी कमियों को दूर करने और कामकाज में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

मंत्रिपरिषद ने प्रधानमंत्री मोदी के हाल ही में हुए पांच देशों के सफल दौरे के लिए उन्हें बधाई भी दी। इस दौरान विदेश मंत्री ने इस दौरे के परिणामों और इसके महत्व की जानकारी मंत्रियों को दी। यह दौरा संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली तक फैला हुआ था। प्रधानमंत्री ने मंत्रियों को यह भी निर्देश दिया कि वे जनता के बीच जाकर सरकार के पिछले 12 वर्षों के काम और उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाएं।

### ऊर्जा संकट पर चर्चा

यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब दुनिया भर में ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की परिस्थितियों के कारण तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जिसका असर भारत सहित कई देशों पर पड़ रहा है। इस उच्चस्तरीय बैठक में कैबिनेट मंत्री, स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री और राज्य मंत्री शामिल हुए।

## एअर इंडिया की बेंगलुरु-दिल्ली फ्लाइट की दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग



### दिल्ली-बेंगलुरु फ्लाइट का पिछला हिस्सा रनवे से टकराया

नई दिल्ली

एअर इंडिया की बेंगलुरु से दिल्ली जा रही फ्लाइट AI2802 की दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। गुरुवार को फ्लाइट जब हवा में थी तब कॉकपिट क्रू को एक इंजन में आग लगने का संकेत मिला। इसके बाद विमान को रात करीब 9.30 बजे दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतारा गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विमान में करीब 171 पैसेंजर थे। सभी पैसेंजर और क्रू सुरक्षित हैं। फ्लाइट को टो करके ले जाया गया।

इससे पहले एअर इंडिया की ही दिल्ली से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट AI2651 गुरुवार को केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान रनवे से टकरा गई। फ्लाइट का पिछला हिस्सा जमीन से टच हो गया। घटना को एविएशन भाषा में 'टेल स्ट्राइक' कहा जाता है।

फ्लाइट को सुरक्षित तरीके से उतार लिया गया। फ्लाइट में 181 यात्री सवार थे। घटना में किसी यात्री या क्रू सदस्य के घायल होने की सूचना नहीं है। फ्लाइट को हुए नुकसान को लेकर भी अभी स्पष्ट जानकारी नहीं है।

सूत्रों के अनुसार, एअर इंडिया विमान दूसरे प्लेन के टेकऑफ के कारण 'वेक टर्बुलेंस' की चपेट में आ गया था। इसके बाद पायलट ने लैंडिंग टाल दी और फ्लाइट वापस हवा में ले ली। दोबारा लैंडिंग के दौरान विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकरा गया।

## पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड बुरहान की पीओके में गोली मारकर हत्या

### एआईएमएस कॉलेज के बाहर हमलावरों ने हमजा पर की फायरिंग

नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले का मास्टरमाइंड हमज़ा बुरहान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के मुजफ्फराबाद में अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में मारा गया। उसे कई गोलियां लगीं। हमले के बाद उसके साथियों ने उसे तुरंत पास के अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विदेशी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 27 साल का हमज़ा बुरहान भारत में प्रतिबंधित आतंकी संगठन अल-बद्र से जुड़ा था। उसका पूरा नाम अरजुमंद गुलजार डार था, जिसे उसके सर्किल में 'डॉक्टर' के नाम से जाना जाता था।



पुलवामा के रत्नीपुरा इलाके के ग्राम खरबतपोरा में पैदा हुआ हमज़ा 2017 में उच्च शिक्षा के बहाने पाकिस्तान चला गया था। बाद में वह प्रतिबंधित आतंकी संगठन अल-बद्र में शामिल हो गया और आखिरकार कमांडर के रैंक तक पहुंच गया। वह कश्मीर घाटी में कई आतंकी हमलों में शामिल था। हमज़ा 14 फरवरी 2019 को हुए पुलवामा आतंकी हमले के मास्टरमाइंड में से एक था। उसे पीओके मुजफ्फराबाद में अज्ञात बंदूक धारियों ने मार गिराया। हमलावरों ने मुजफ्फराबाद स्थित एआईएमएस कॉलेज के बाहर उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग की जिसमें वह गिर पड़ा।

हमजा की मदद से आतंकियों ने पुलवामा के लाथपोरा में श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे पर सीआरपीएफ के काफिले पर आत्मघाती हमला किया था, जिसमें सीआरपीएफ के 40 जवान बलिदान हो गए थे। इस घटना के बाद पाकिस्तान और भारत के बीच हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए थे, वहीं भारत ने पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे।

### नीट पेपर लीक को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, कार्यकर्ताओं पर वाटर कैनन चलाई

## सड़कों पर दिखा कांग्रेस का आक्रोश, पुलिस से धक्का मुक्की

जयपुर

जयपुर में गुरुवार को नीट पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हो गई। पुलिस ने वाटर कैनन चलाकर बैरिकेड्स पर चढ़ रहे कार्यकर्ताओं को रोका। इस दौरान शहीद स्मारक पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को कार्यकर्ताओं ने कंधे पर बैठा लिया। पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास पुलिस कमिश्नरेट के सामने बैठ गए। पुलिस ने विधायक मुकेश भाकर और पूर्व MLA वेद प्रकाश सोलंकी को धक्का देकर पीछे धकेला। MLA मनीष यादव बैरिकेड्स पर चढ़कर आगे जाने की कोशिश कर रहे थे तो पुलिस ने उन्हें नीचे उतारा।



कांग्रेस के कई कार्यकर्ता पुलिस का सुरक्षा घेरा तोड़कर बैरिकेड्स पर चढ़ गए और नारेबाजी करने लगे. इस दौरान कार्यकर्ताओं को उतरने के लिए भी कहा गया, लेकिन वो नहीं उतरे जिसके बाद पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी कार्यकर्ताओं के कंधे पर चढ़कर बैरिकेड्स की तरफ बढ़ने लगे. इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तितर बितर करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता पानी में भीगते रहे, लेकिन वो वहां से नहीं हटे.

दरअसल, डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने बीजेपी मुख्यालय का घेराव करने के लिए कूच किया था। कार्यकर्ता कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय से पैदल मार्च कर शहीद स्मारक तक पहुंचे थे, यहां पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

डोटासरा ने कहा- हम केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा ही तो मांग रहे हैं। क्यों नहीं ले रहे। वह चोर और धोखेबाज है। धर्मेंद्र प्रधान नीट चोर है। उसका इस्तीफा होना चाहिए।

गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- पिछले तीन साल से नीट पेपर लीक हो रहा है। नीट करवाने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) पर लोगों का विश्वास नहीं रहा है, इसलिए इस संस्था को भंग कर देना चाहिए। केंद्र सरकार नीट पेपर लीक मामले में जिम्मेदारी से बच नहीं सकती।

## फालता में रिपोलिंग होने पर ज्यादा मतदान

### 88.13% वोटिंग हुई, 24 मई को रिजल्ट आएगा

कोलकाता

पश्चिम बंगाल की फालता विधानसभा सीट पर गुरुवार को दोबारा मतदान हुआ। रिपोलिंग में करीब 2% वोटिंग बढ़ गई। चुनाव आयोग के मुताबिक रात 10:30 बजे तक 88.13% मतदान हुआ। वहीं 29 अप्रैल को इस सीट पर 86.71% मतदान हुआ था।

फालता में मुख्य मुकाबला TMC और भाजपा के बीच है। TMC उम्मीदवार जहांगीर खान



मौखिक रूप से अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का एलान कर चुके हैं।

हालांकि उनकी ओर से ये बात लिखित में दिए जाने की सूचना नहीं है। EVM में उनका नाम और सिंबल मौजूद रहा। आज वोटिंग वाले दिन जहांगीर खान का कोई पता नहीं चला। उनके घर और पार्टी कार्यालय, दोनों जगह ताला लटका मिला। फालता में पिछली बार 29 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। आरोप था कि कुछ बूथ पर EVM में भाजपा के बटन पर टेप चिपका था। कई अन्य बूथों पर EVM में गड़बड़ी की खबरें आईं।

## ट्रेलर-बाइक की भिड़ंत में 3 की मौत

### तीन दिन बाद होने वाली थी शादी

रेवदर, सिरोही

गुजरात-सिरोही नेशनल हाईवे पर ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। मरने वालों में एक युवक की 3 दिन बाद शादी होनी थी। मरने वालों में दो चचेरे भाई और मामा शामिल हैं। तीनों शादी का सामान लेकर घर लौट रहे थे। हादसा नेशनल हाईवे 168 पर अनादरा थाना क्षेत्र के डबानी मोड़



के पास गुरुवार सवेरे करीब 10:30 बजे हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही अनादरा थाने के सीआई कमलेश गहलोत सहित पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया।

सीआई कमलेश गहलोत ने बताया - डबानी मोड़ के पास करीब 10:30 बजे ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। ट्रेलर को ग्रामीणों ने हादसे के बाद रुकवा दिया। शवों को अनादरा अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। ट्रेलर अनादरा से रेवदर की तरफ आ रहा था, वहीं बाइक रेवदर से अनादरा जा रही थी। हादसे में मरने वालों की पहचान नरमा गरासिया (24) पुत्र बाबू गरासिया, रमेश गरासिया (24) पुत्र छोगा गरासिया, गोविंद (28) पुत्र साहेबा गरासिया निवासी खरुआड़ा (रेवदर) के रूप में हुई है।

मृतक गोविंद के भाई अर्जुन ने बताया- गोविंद और नरमा चचेरे भाई हैं और रमेश दूर के रिश्ते में नरमा का मामा है।

## ईरान जंग पर ट्रम्प-नेतन्याहू में टकराव

### इजराइल बोला- हमला नहीं रुकना चाहिए, ऐसा किया तो गलती होगी

तेल अवीव/वॉशिंगटन डीसी

ईरान युद्ध को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू चाहते हैं कि ईरान पर हमले जारी रहें, जबकि ट्रम्प फिलहाल बातचीत और डील को मौका देना चाहते हैं। मंगलवार को दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक फोन पर बातचीत हुई।

अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि नेतन्याहू ने ट्रम्प से कहा कि ईरान पर प्रस्तावित हमले रोकना गलती है और सैन्य कार्रवाई जारी रहनी चाहिए। ट्रम्प ने रविवार को नेतन्याहू को बताया था कि अमेरिका ईरान पर नए टारगेटेड हमले की तैयारी कर रहा है। इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन स्लेजहैमर' नाम दिया जाना था। लेकिन करीब 24 घंटे बाद ट्रम्प ने घोषणा कर दी कि मंगलवार के लिए तय हमलों को फिलहाल रोक दिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि कतर, सऊदी अरब और UAE जैसे खाड़ी देशों की अपील पर यह फैसला लिया गया।

## जनजातीय क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्धः सीएम

### अधिकारी फील्ड विजिट पर करें फोकस, स्वतः संज्ञान लेकर समस्याओं का करें समाधान

जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए भरसक प्रयास कर रही है और इसमें कहीं कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र जन तक पहुंचाने के साथ ही पूरी संवेदनशीलता के साथ दायित्वों के निर्वहन और सुशासन के संकल्पों को साकार करने की दिशा में समर्पित भाव से जुटने का आह्वान किया है।



बांसवाड़ा और डूंगरपुर जिले के तीन दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने गुरुवार को बांसवाड़ा जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक में विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, अभियानों तथा नवाचारों की प्रगति एवं वर्तमान स्थिति पर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने प्रवृत्तिवार एवं क्षेत्रवार अब तक प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी ली तथा इनके क्रियान्वयन में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बांसवाड़ा नगर परिषद आयुक्त दुर्गेश सिंह रावल की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त किया और इसके बाद स्वायत्त शासन विभाग ने आयुक्त को एपीओ करने के आदेश जारी कर दिए।

मुख्यमंत्री ने नहरों एवं तालाबों की उपयुक्त साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि नहरों में जल वितरण तथा वर्षा काल से पूर्व जिले के जलाशयों की सफाई पर गंभीरता बरतें। उन्होंने माही की एक-एक बूंद के सदुपयोग का आह्वान करते हुए कहा कि माही का पानी व्यर्थ न जाए। सिंचाई जल के साथ पेयजल के लिए भी माकूल प्रबन्ध सुनिश्चित रहने चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान पर जोर देते हुए जल आत्मनिर्भरता को सर्वोपरि बताया और कहा कि स्थायी महत्त्व के कार्यों को गति दी जाए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि जन-उपयोगी संसाधनों और सेवाओं का पूरा-पूरा लाभ ग्रामीणों तक पहुंचना चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे फील्ड विजिट पर अधिक ध्यान देते हुए अपनी यात्रा के दौरान सभी क्षेत्रों की जरूरतों के प्रति सतर्क रहें और जहां कहीं कोई समस्या सामने आए, स्वतः संज्ञान लेकर इनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी ग्राम्यांचलों में भ्रमण, पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण का कार्य पूरी गंभीरता के साथ करें। उन्होंने अवैध धर्मान्तरण करवाने वालों तथा राजनीतिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले सरकारी कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

### विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए करें ठोस प्रयास

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि वर्तमान सत्र के दौरान विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने की दिशा में योजनाबद्ध रूप से पूरी तैयारी के साथ काम किया जाए ताकि बच्चों का स्कूलों में प्रवेश और ठहराव सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जिले में चन्दन वन विकसित किए जाने की पहल को दूरगामी कदम बताते हुए कहा कि इनमें 11-11 हजार चन्दन के पौधे लगाए जाएंगे।

## तमिलनाडु में विजय कैबिनेट में 23 मंत्री शामिल

चेन्नई

तमिलनाडु में सीएम विजय की कैबिनेट का विस्तार हुआ, जिसमें 23 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें दो कांग्रेस के विधायक भी शामिल हैं।मंत्रिमंडल विस्तार में गुरुवार को फिर विवाद हो गया। कांग्रेसी विधायक राजेश कुमार ने शपथ के दौरान 'कामराज अमर रहें', 'राजीव गांधी अमर रहें' और 'जननायक राहुल गांधी जिंदाबाद' कहा। इस पर गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने टोक दिया। गवर्नर ने कहा- ये आपकी शपथ का हिस्सा नहीं है।

वहीं, दूसरा विवाद तमिल गीत बजाने को लेकर भी हुआ। समारोह में तमिलनाडु का राज्य गीत 'तमिल थाई वाझ्थु' सबसे आखिर में बजाया गया। पिछली सरकारों में ये




हमेशा पहले बजाया जाता था।

किलियूर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक दल के नेता एस राजेश कुमार ने शपथ मंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने 'कामराज अमर रहें', 'भारत रत्न राजीव गांधी अमर रहें' और 'जननायक राहुल गांधी जिंदाबाद' के नारे लगाए।

इस पर राज्यपाल ने मुस्कुराते हुए कहा, 'यह आपकी शपथ का हिस्सा नहीं है।' राजेश कुमार भी मुस्कुराए और इसके बाद शपथ दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने चले गए। शपथ समारोह की शुरुआत में सबसे पहले राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' और फिर राष्ट्रगान 'जन गण मन' बजाया गया। सबसे आखिर में तमिलनाडु का राज्य गीत 'तमिल थाई वाझ्थु' बजाया गया।

10 मई को विजय के मुख्यमंत्री पद की शपथ के दौरान भी यही क्रम अपनाया गया था, जिसके बाद विपक्ष और सहयोगी दलों ने नाराजगी जताई थी।

## तमिलनाडु की सत्ता में 59 साल के बाद वापसी करेगी कांग्रेस, सीएम विजय की कैबिनेट में कल होगी शामिल

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु की राजनीति में करीब छह दशक बाद बड़ा राजनीतिक बदलाव देखने को मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय गुरुवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करने जा रहे हैं और इस विस्तार में कांग्रेस की सरकार में औपचारिक एंट्री लगभग तय मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के दो विधायक मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इस तरह करीब 59 साल बाद कांग्रेस तमिलनाडु की सत्ता में सीधे भागीदारी करती नजर आएगी। सूत्रों के मुताबिक, टीवीके और कांग्रेस के बीच सत्ता में हिस्सेदारी को लेकर सहमति बन चुकी है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भी संकेत दिए हैं कि पार्टी सरकार में शामिल होने जा रही है। लंबे समय तक द्रविड़ राजनीति के प्रभाव वाले तमिलनाडु में कांग्रेस ज्यादातर समय डीएमके या एआईएडीएमके के साथ गठबंधन में रही, लेकिन उसे कभी सरकार में जगह नहीं मिली। अब विजय सरकार में कांग्रेस की एंट्री को दक्षिण भारतीय राजनीति में बड़े बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकार मान रहे हैं कि यह कदम 2026 के चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकता है। एक तरफ विजय अपनी सरकार को और मजबूत करना चाहते हैं, वहीं कांग्रेस दक्षिण भारत में अपनी पकड़ मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। इस बीच टीवीके ने अपने अन्य सहयोगी दलों को भी सरकार में शामिल होने का न्योता दिया है। मंत्री आधव अर्जुना ने कहा कि मुख्यमंत्री चाहते हैं कि वीसीके प्रमुख थोल थिरुमावलवन भी मंत्रिमंडल का हिस्सा बनें। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के साथ भी बातचीत जारी है।

## अस्पताल के बाहर सलमान का पैपराजी पर फूटा गुस्सा... क्या तुम लोग पागल हो गए हो

मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान मुंबई के हिंदुजा अस्पताल के बाहर पैपराजी पर भड़क गए। किसी करीबी से मिलने पहुंचे सलमान की नाराजगी तब सामने आई जब कुछ फोटोग्राफर्स ने अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर हंगामा शुरु किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, सलमान के बाहर आते ही कुछ पैपराजी ने उनकी आने वाली फिल्म 'मातृभूमि' का नाम जोर-जोर से पुकारना शुरू किया। इस पर गुस्साए सलमान ने पूछा, फ्रक्या तुम लोग पागल हो गए हो?फ्र उन्होंने पैपराजी से सवाल किया कि अगर उनके परिवार का कोई सदस्य अस्पताल में भर्ती हो, तब क्या उन्हें भी इस तरह कैमरों और शोर-शराबे का सामना अच्छा लगेगा। अभिनेता के गुस्से को देखकर मौके पर मौजूद पैपराजी ने तुरंत माफी मांगी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। इसके बाद सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने लिखा कि मीडिया ने हमेशा उनका साथ दिया है, लेकिन अस्पताल जैसी जगह पर किसी के निजी पलों को सनसनी बनाना ठीक नहीं है। उन्होंने संवेदनशीलता की कमी पर जोर देकर कहा, 'मैं 60 साल का हूं, लेकिन लड़ना नहीं भूला।'

## आईआरसीटीसी लाया गर्मियों में चारधाम यात्रा का खास मौका

नई दिल्ली (एजेंसी)। गर्मियों की छुट्टियां शुरू होने वाली हैं और इस दौरान पहाड़ों की ओर रुख करने वाले परिवारों के लिए आईआरसीटीसी बेहतरीन मौका लेकर आया है। रेलवे की सहायक कंपनी आईआरसीटीसी ने 2026 के लिए अपने विशेष चारधाम यात्रा पैकेज की घोषणा की है, जिसमें यात्रियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। पैकेज के तहत उत्तराखंड के प्रसिद्ध चार धामों यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन कराए जाएंगे। यह 11 रात और 12 दिन का पैकेज दिल्ली से शुरू होगा और श्रद्धालुओं को आरामदायक एसी टेंपो ट्रैवलर से यात्रा कराई जाएगी। यात्रियों के लिए ठहरने हेतु अच्छे होटलों की व्यवस्था की जाएगी, साथ ही नाश्ते से लेकर रात के खाने तक की सुविधा और प्रतिदिन 1 लीटर पानी की बोतल भी प्रदान की जाएगी। 2026 में यात्रा की तारीखें जून (1, 12, 24), सितंबर (1, 12, 24) और अक्टूबर (1, 15) हैं। प्रति व्यक्ति खर्च इस प्रकार निर्धारित किया गया है। अकेले रुकने पर 75,000, दो लोगों के साथ 62,000 और तीन लोगों के साथ 57,000। वहीं, 5 से 11 साल के बच्चे के लिए (एक्स्ट्रा बेड सहित) 30,000 और बिना एक्स्ट्रा बेड के 20,000 का खर्च आएगा। यह पैकेज परिवार के साथ देवभूमि का आध्यात्मिक अनुभव लेने का एक शानदार अवसर है।

## देहरादून के पैनेसिया अस्पताल में भीषण आग, महिला मरीज की मौत; कई अन्य झुलसे

देहरादून (एजेंसी)। देहरादून के पैनेसिया हॉस्पिटल में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में आईसीयू में भर्ती एक 55 वर्षीय महिला मरीज की मौत हुई, जबकि छह अन्य मरीज और बचाव कार्य में जुटे तीन पुलिसकर्मी भी झुलस गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग एसी में ब्लास्ट होने के कारण लगी, जिसने अस्पताल परिसर में धुएं और भगदड़ का माहौल पैदा हुआ। हादसे के बाद अस्पताल को आनन-फानन में खाली कराया गया और कई मरीजों को एंबुलेंस के जरिए दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट किया गया। कैलाश अस्पताल में भर्ती कराए गए छह झुलसे मरीजों में से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, पुलिस और प्रशासनिक टीमें मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर विभाग ने आग लगने के वास्तविक कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। यह घटना फिर देहरादून के निजी अस्पतालों में अग्निशमन सुरक्षा मानकों की अनदेखी और कमजोर व्यवस्थाओं को उजागर करती है। राजधानी के अधिकांश अस्पताल सीमित जगह, संकरे रास्तों और अपर्याप्त इमरजेंसी एग्जिट के साथ संचालित हो रहे हैं, जिससे ऐसी आपात स्थितियों में बचाव कार्य बाधित होता है और मरीजों की जान खतरे में पड़ती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने के बाद पूरे परिसर में धुआं भर गया था, जिससे मरीजों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। फायर ऑडिट और मॉक ड्रिल जैसे महत्वपूर्ण इंतजाम अक्सर केवल कागजों तक ही सीमित रहते हैं, जिसके परिणामस्वरूप ऐसी दुर्घटनाएं सामने आती रहती हैं। प्रशासन आमतौर पर ऐसी घटनाओं के बाद ही सक्रिय होता है, लेकिन कुछ समय बाद फिर वही लापरवाही दोहराई जाती है, जो गंभीर मरीजों की जिंदगी को खतरे में डालती है।

# आरएसएस और प्रधानमंत्री संविधान को फाड़ने की कोशिश कर रहे-राहुल गांधी



रायबरेली (एजेंसी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने संविधान की एक प्रति हाथ में लेकर कहा कि भाजपा, प्रधानमंत्री और आरएसएस इसे फाड़ने और फेंकने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि आरएसएस ने तो इसे पहले ही फाड़ दिया है। राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान की किताब सिर्फ कागज का पन्ना नहीं है, बल्कि इसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर, महात्मा गांधी और वीरा पासी जैसे अनगिनत लोगों का खून और पसीना मिला हुआ है, जिन्होंने इसे बनाने में अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया।

बुधवार को रायबरेली के लोधवारी में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वीरा पासी की प्रतिमा का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने बहुजन स्वाभिमान सभा को संबोधित किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि संविधान देश की आत्मा है और इसकी रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने एक बार फिर देश की आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त की और कहा कि देश में एक बड़ा आर्थिक तूफान आने वाला है। उन्होंने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री पर देश के साथ धोखा करने का आरोप लगाया।

वहीं, गौरीगंज क्षेत्र के तेजी का पुरवा स्थित कार्यक्रम स्थल पर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार, भाजपा और आरएसएस पर जमकर निशाना साधा। सम्मेलन में हजारों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश की रक्षा संविधान करता है और पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने लगातार संविधान पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि उनका काम अर्थव्यवस्था की रक्षा करना है, उनका काम देश की रक्षा करना है, लेकिन पिछले 12 साल में उन्होंने क्या किया? उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस से जुड़े लोगों को विश्वविद्यालयों में वाइस चांसलर बनाया जा रहा है और देश की संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने उद्योगपतियों का जिक्र करते हुए कहा कि अब गौतम अडानी और मुकेश अंबानी इस देश को नहीं बचा सकते। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। राहुल गांधी ने कहा कि टॉफी बांटना बंद करो और किसानों को खाद उपलब्ध कराओ। उन्होंने आरोप लगाया कि अडानी आज भी करोड़ों रुपये का तेल विदेशों में एक्सपोर्ट कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि वोट चोरी संविधान पर हमला है और अडानी-अंबानी को देश का धन देना भी संविधान पर आक्रमण है। उन्होंने कहा कि संविधान हिंदुस्तान की आवाज है।

## डीपफेक और एआई कंटेंट के खिलाफ अदालत पहुंचे राघव चड्ढा, दिल्ली हाई कोर्ट में दायर की याचिका

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा सांसद राघव चड्ढा ने अपने पर्सनैलिटी राइट्स और निजता अधिकारों की सुरक्षा को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया है। राघव चड्ढा ने अदालत में याचिका दाखिल कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित हो रहे डीपफेक वीडियो, छेड़छाड़ किए गए विजुअल, कृत्रिम आवाज क्लोनिंग और भ्रामक डिजिटल सामग्री पर रोक लगाने की मांग की है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सुब्रमणियम प्रसाद की अदालत में 21 मई को होने वाली है।



याचिका में कहा गया है कि एआई तकनीक और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के बढ़ते इस्तेमाल के बीच कई बार सार्वजनिक हस्तियों की आवाज, चेहरा और बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है। इससे न केवल उनकी छवि प्रभावित होती है, बल्कि लोगों के बीच भ्रम की स्थिति भी पैदा होती है। राघव चड्ढा ने अदालत से मांग की है कि बिना अनुमति उनके नाम, आवाज, तस्वीर और व्यक्तित्व का इस्तेमाल कर तैयार किए गए किसी भी फर्जी कंटेंट पर तत्काल रोक लगाई जाए। हाल के वर्षों में डीपफेक तकनीक को लेकर देशभर में चिंता लगातार बढ़ी है। राजनीतिक नेताओं, फिल्म कलाकारों और खिलाड़ियों से जुड़े कई फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। इससे पहले अभिनेता अनिल कपूर और अमिताभ बच्चन भी अपने व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा चुके हैं और उन्हें राहत भी मिली थी। अब राघव चड्ढा की याचिका को डिजिटल निजता और एआई नियंत्रण से जुड़े बड़े कानूनी मुद्दे के तौर पर देखा जा रहा है।

## इकरा हसन के समर्थन में उतरे अखिलेश बोले- गुनाह तो बताइए?

सहारनपुर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन और पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक के बाद राजनीतिक माहौल पूरी तरह गरमा गया है। सांसद इकरा हसन ने पुलिस प्रशासन पर जबरन थाने में बिठाने और हिरासत में लेने का आरोप लगाया है। इस घटना के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव उनके समर्थन में उतर आए हैं और उन्होंने सरकार व पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब कैराना से सपा सांसद इकरा हसन जसाला गांव की एक बुजुर्ग महिला के साथ पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) से मिलने पहुंची थीं। महिला के बेटे की कथित तौर पर हत्या कर दी गई थी और वे इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रही थीं। सांसद का आरोप है कि पीड़ित पक्ष की मांगों को अनसुना कर दिया गया। जब वे कार्यालय के बाहर पार्किंग एरिया में दूसरी अर्जी तैयार कर रही थीं, तभी भारी पुलिस बल ने वहां पहुंचकर उन पर ट्रैफिक व्यवस्था में बाधा डालने का आरोप लगाया। इकरा हसन के अनुसार, उन्हें और उनके साथियों को गाड़ी में बिठाकर महिला पुलिस स्टेशन ले जाया गया, जहां करीब 10 मिनट तक हिरासत में रखने के बाद उन्हें रिहा किया गया। सांसद ने ट्रैफिक बाधित करने के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उनके पास गाड़ी सही जगह पार्क होने के वीडियो साक्ष्य मौजूद हैं।

इस घटना के बाद मामला तब और बढ़ गया जब शांति भंग करने के आरोप में पूर्व राज्य मंत्री मंगेराम कश्यप सहित पांच सपा नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। इसकी जानकारी मिलते ही इकरा हसन तुरंत सदर बाजार पुलिस स्टेशन पहुंचीं और गिरफ्तार नेताओं की रिहाई की मांग को लेकर धरने पर बैठ गईं। इस दौरान उनकी पुलिस अधिकारियों से तीखी बहस भी हुई। सांसद के समर्थन में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता थाने पहुंचे, जिसके चलते इलाके में भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जब किसी को सिर्फ न्याय के लिए आवाज उठाने की वजह से हिरासत में ले लिया जाता है, तो वही पल कलियुग होता है। उन्होंने पूछा कि पार्टी की सांसद का अपराध बस इतना था कि वह उस मां की मदद कर रही थीं जिसने अपना बेटा खो दिया है और जो इस संवेदनहीन शासन में न्याय के लिए भटक रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि इस तरह की तानाशाही को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके खिलाफ आवाज उठाई जाएगी। फिलहाल, थाने के बाहर सपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन और इस मामले को लेकर सियासी बयानबाजी लगातार जारी है।

## निर्मला सीतारमण पर प्रियंका चतुर्वेदी का तंज... कहां थीं मैम?

मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर तीखा तंज कस दिया है। उन्होंने वित्त मंत्री से सीधे सवाल किया कि जब देश की अर्थव्यवस्था चुनौतियों का सामना कर रही थी, तब वह कहां थीं। शिवसेना यूबीटी नेता चतुर्वेदी का बयान सीतारमण के उस ट्वीट के जवाब में आया है, जिसमें वित्त मंत्री ने मोदी सरकार द्वारा विभिन्न वर्गों के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख किया था।

शिवसेना यूबीटी नेता चतुर्वेदी ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, हालेलुया! हमारी वित्त मंत्री वापस आ गई हैं! देश जानना चाहता था कि जब डॉलर मजबूत हो रहा था (ध्यान दें, मैंने यह नहीं कहा कि रुपया कमजोर हो रहा था), जब प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और संस्थागत विदेशी निवेशक (एफआईआई) नदारद थे, जब शेयर बाजार धराशायी हो रहा था और सोना-चांदी खरीदना मना हो गया था, तब मैम कहां थीं?





यह तंज वित्त मंत्री सीतारमण के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि 2014 से सरकार अपनी नीतियों से समाज के हर वर्ग किसान, गरीब, महिलाएं, युवा और एमएसएमई की सेवा कर रही है, और वे उनके शासन ढांचे के मूल केंद्र में हैं।

इस दौरान सीतारमण ने कांग्रेस से पूछा था कि क्या 58 करोड़ जनधन खाते, 57 करोड़ मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम इंटर्नशिप योजना, ई-श्रम कार्ड, जी राम जी अधिनियम (जो बिना किसी रिसाव के 125 दिनों का रोजगार देता है), आयुष्मान भारत, 9 करोड़ से अधिक पीएम किसान संवितरण, लखपति दीदी/ड्रोन दीदी योजनाएँ और ईंधन पर उत्पाद शुल्क में कटौती जैसे कदम अडानी/अंबानी के लिए हैं या गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए।

उन्होंने पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, 1 करोड़ स्वनिधि खाते, उर्वरकों पर अंतरराष्ट्रीय कीमतों का बोझ किसानों पर न डालने, एमएसएमई के लिए ईसीएलजीएस 5.0, कृषि ऋण वृद्धि और एमएसएमई ऋण वृद्धि जैसे कदमों का भी हवाला दिया, यह दर्शाने के लिए कि मोदी सरकार का ध्यान समाज के वंचित और मध्यम वर्गों पर केंद्रित है। यह राजनीतिक बयानबाजी आगामी चुनावों से पहले एक-दूसरे पर निशाना साधने की रणनीति का हिस्सा प्रतीत होती है।

## पीएम मोदी की तारीफ कर पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने विपक्ष में डाली फूट?



नई दिल्ली (एजेंसी)। वरिष्ठ राजनीतिज्ञ और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) गुट के प्रमुख शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राओं का समर्थन कर कहा है कि राजनीतिक मतभेदों को दरकिनार कर देश के सम्मान को सर्वोपरि रखना चाहिए। उनकी यह टिप्पणी तब आई है जब विपक्षी दल, खासकर कांग्रेस, पीएम मोदी की विदेशी यात्राओं की कड़ी आलोचना कर रही हैं, लेकिन पवार के बयान से विपक्ष की एकता पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। एक कार्यक्रम में पवार ने स्पष्ट किया कि भले ही उनके राजनीतिक विचार अलग हों, लेकिन जब देश के बाहर भारत की प्रतिष्ठा की बात होती है, तब सभी को एकजुट होना चाहिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी भारत के बाहर देश की प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए काम कर रहे हैं। हमारे राजनीतिक विचार अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन जब देश के सम्मान की बात आती है, तब राजनीतिक मतभेदों को बीच में नहीं लाना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि राष्ट्रीय हित में काम करने के मौके पर दलों को भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को मजबूत करने के साझा उद्देश्य के साथ आना चाहिए। एनसीपी (शरदचंद्र पवार) गुट के प्रमुख पवार ने पूर्व प्रधानमंत्रियों इंदिरा गांधी, पी.वी. नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह का उदाहरण दिया, जिन्होंने अपने नेतृत्व में देश के भविष्य और प्रतिष्ठा को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनकी यह टिप्पणी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की चल रही पांच देशों की यात्रा की आलोचना करने के तुरंत बाद आई है। राहुल गांधी ने कहा था कि इस संकट के समय में प्रधानमंत्री मोदी लोगों से विदेश यात्रा न करने की अपील कर रहे हैं, जबकि वे स्वयं दुनिया घूम रहे हैं। एक प्रमुख विपक्षी नेता द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन में दिए गए बयान ने निश्चित रूप से समूचे विपक्ष की एकजुटता और साझा रणनीति पर नए सिरे से चर्चा छेड़ दी है, खासकर तब जब आगामी चुनावों के मद्देनजर विपक्षी मोर्चा बनाने की कवायद चल रही है।

# डिटेक्शन और डिलीशन का काम हो चुका पूरा अब डिपोर्टेशन का होगा शुरू

**-बंगाल में अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने को लेकर सीएम अधिकारी बोले**



कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल से कथित अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने को लेकर सीएम सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि वोटर लिस्ट से डिटेक्शन और डिलीशन का काम पहले ही हो चुका है और डिपोर्टेशन जल्द ही शुरू होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जनगणना की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार ने देरी की थी। शुभेंधु ने कहा कि पहले हमने वोटर लिस्ट में अवैध निवासियों का पता लगाया, फिर हमने उन्हें लिस्ट से हटा दिया और अब उन्हें देश से निकालने का समय आ गया है। हालांकि, उन्होंने इसके लिए कोई समय-सीमा नहीं बताई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारी ने कहा कि मैं डरने वाला, झुकने वाला आदमी नहीं हूं, डराने का काम करने का कोई जरुरत नहीं है। बीजेपी ने जो कमिटमेंट दिया है, वो पूरा करने का काम बीजेपी का सीएम करेगा। राष्ट्र प्रथम है, देश को सुरक्षित रखने का काम बीजेपी करेगी। सीएम अधिकारी ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि मेरे सीएम बनने से यहां टीएमसी, सीपीएम और कांग्रेस तनाव में हैं और अशांति पैदा कर रहे हैं, लेकिन इन सबसे कहीं ज्यादा तनाव और परेशानी बांग्लादेश के लोगों, विशेषकर वहां के जमात संगठन को हो रही है। उन्होंने विरोधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि मुझे डराने की कोशिश करने की जरूरत नहीं, क्योंकि सरकार के लिए देश पहले है और भाजपा इस देश को पूरी तरह ठीक करने का काम करेगी।

भ्रष्टाचार के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि उन्होंने म्युनिसिपल सेक्रेटरी और कमिश्नर को चार विशिष्ट नाम दिए हैं, जिन्होंने बंगाल को जमकर लूटा है। उन्होंने इन चारों व्यक्तियों की कुल संपत्ति का विवरण मांगते हुए उनके खिलाफ कानूनी जांच शुरू करने के निर्देश दिए हैं। सीएम अधिकारी ने पार्क सर्कस में पुलिस पर हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा कि बिना स्वीकृत बिल्डिंग प्लान के किए गए अवैध निर्माणों जैसी अनियमितताओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अगर कोई पुलिस पर पत्थर फेंकने की हिम्मत करेगा, तो बीजेपी उसे उचित सबक सिखाएगी। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में महिलाओं के खिलाफ हुए अपराधों पर न्याय का भरोसा दिया। अधिकारी ने ऐलान किया है कि आरजी कर अस्पताल से लेकर कामदुनी, पार्क स्ट्रीट, कस्बा लॉ कॉलेज और बोगतुई तक महिलाओं के खिलाफ किए गए अत्याचार के हर एक मामले की कड़ी कानूनी जांच की जाएगी और दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।

## ममता बनर्जी का बड़ा दावा : दिल्ली की सत्ता से जल्द हटेगी भाजपा सरकार

**-बुलडोजर संस्कृति के खिलाफ आंदोलन चलाने का किया ऐलान**

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार का सामना करने के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। कालीघाट स्थित अपने आवास पर पार्टी विधायकों की बैठक को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने दावा किया कि आने वाले दिनों में भाजपा को केंद्र की सत्ता से हटा दिया जाएगा। राज्य के हालिया विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जीत दर्ज की है, जिसके साथ ही राज्य में पिछले 15 सालों से चला आ रहा तृणमूल कांग्रेस का शासन समाप्त हो गया है। इस हार के बाद भी टीएमसी नेतृत्व ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा के खिलाफ उनकी राजनीतिक लड़ाई जारी रहेगी।

ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि राज्य में नई सरकार के आने के बाद से अल्पसंख्यक समुदायों और सड़क किनारे दुकान लगाने वाले हॉकर्स को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तथाकथित तानाशाही और बुलडोजर संस्कृति के कारण जनता में रोष बढ़ेगा, जो अंततः केंद्र की सरकार को सत्ता से बाहर कर देगा। इसके विरोध में टीएमसी ने कोलकाता, बालीगंज, हावड़ा जंक्शन और सियालदह रेलवे स्टेशन के आसपास बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन शुरू करने की घोषणा की है। उन्हें उम्मीद है कि यह जन-आंदोलन भाजपा के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी माहौल तैयार करेगा।



बैठक में टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भी वर्तमान मुख्यमंत्री पर सीधा हमला बोला। उन्होंने साफ किया कि केंद्रीय एजेंसियों के नोटिस या दंडात्मक कार्रवाइयों के आगे वे झुकने वाले नहीं हैं और भाजपा के खिलाफ उनका संघर्ष जारी रहेगा।

दूसरी तरफ, चुनाव के नतीजे आने के बाद राज्य के कई हिस्सों से हिंसा, आगजनी और झड़पों की खबरें आई हैं। इस मामले में टीएमसी ने कानूनी रास्ता अपनाते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि चुनाव परिणामों के बाद टीएमसी कार्यकर्ताओं और उनके कार्यालयों को निशाना बनाया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए ममता बनर्जी खुद वकील की पोशाक पहनकर कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की अदालत में पेश हुईं। उन्होंने अदालत से मांग की है कि प्रभावित कार्यकर्ताओं को तुरंत सुरक्षा दी जाए और इस पूरी हिंसा की कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष जांच कराई जाए। उल्लेखनीय है कि इस विधानसभा चुनाव में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक बहुमत के साथ राज्य में अपनी सरकार बनाई है, जबकि सत्ताधारी टीएमसी केवल 80 सीटों पर सिमट गई है। इस राजनीतिक उलटफेर के बाद राज्य में माहौल पूरी तरह गरमाया हुआ है।

# अल-नीनो ने दिखाया असर तो मानसून होगा कमजोर, मंडरा रहा खतरा

**-चावल और अन्य खरीफ फसलों के उत्पादन पर पड़ सकता है असर**

नई दिल्ली (एजेंसी)। महंगाई, गर्मी और मौसम की मार झेल रहे लोगों के सामने अब एक और बड़ा खतरा मंडराने लगा है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि इस साल अल-नीनो का असर भारतीय मानसून को कमजोर कर सकता है, जिससे चावल और अन्य खरीफ फसलों के उत्पादन पर असर पड़ सकता है। खासतौर पर यूपी, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में स्थिति चिंताजनक हो सकती हैं, जहां बड़ी आबादी का मुख्य भोजन चावल है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए अध्ययन में सामने आया है कि अल-नीनो वाले सालों में देश के कई जिलों में खरीफ फसलों की पैदावार में भारी गिरावट आई थी। अध्ययन के मुताबिक पिछले अल-नीनो वर्षों के दौरान 77 जिलों में चावल का उत्पादन 10 फीसदी से ज्यादा घट गया था। वहीं मक्का उत्पादन भी 65 जिलों में गंभीर रूप से प्रभावित हुआ। इसके अलावा ज्वार और बाजरा जैसी फसलों की पैदावार में भी कई जिलों में 10 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई।

शोधकर्ताओं के मुताबिक अल-नीनो की स्थिति तब बनती है जब प्रशांत महासागर के मध्य और पूर्वी हिस्से में समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से ज्यादा गर्म हो जाता है। इसका सीधा असर भारतीय मानसून पर पड़ता है और बारिश कम होती है। मानसून कमजोर होने से खरीफ सीजन की खेती प्रभावित होती है, जिससे धान, मक्का और अन्य फसलों का उत्पादन घट जाता है। यह अध्ययन 2023 में प्रकाशित हुआ था, जिसमें 2002, 2004 और 2009 जैसे प्रमुख अल-नीनो वर्षों का विश्लेषण किया गया।

अध्ययन में पाया कि आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, झारखंड और ओडिशा के कई जिलों में धान की पैदावार में उल्लेखनीय कमी आई थी। वैज्ञानिकों का कहना है कि यदि इस साल भी अल-नीनो का प्रभाव रहा तो खरीफ फसलों के लिए स्थिति चुनौतीपूर्ण हो सकती है। इसी बीच उत्तर भारत में भीषण गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। दिल्ली और आसपास के इलाकों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है, जबकि आने वाले दिनों में इसके 45 डिग्री तक जाने की संभावना है।

मौसम विभाग ने कई क्षेत्रों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। ऐसे हालात में यदि मानसून कमजोर रहता है तो खेती और जल संसाधनों दोनों पर दबाव बढ़ सकता है। आईसीएआर के कृषि भौतिकी विभाग से जुड़े वैज्ञानिकों का मानना है कि सरकार को अभी से तैयारी शुरू करनी होगी। सूखा सहन करने वाली फसल किस्मों को बढ़ावा देना, किसानों को मौसम आधारित सलाह उपलब्ध कराना, सिंचाई व्यवस्था मजबूत करना और जिला स्तर पर वैकल्पिक रणनीतियां तैयार करना बेहद जरूरी होगा। वैज्ञानिकों ने यह भी कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण अल-नीनो जैसी



घटनाएं अब ज्यादा देखने को मिल रही हैं, इसलिए पारंपरिक खेती पद्धतियों में बदलाव समय की मांग बन चुका है। किसानों की चिंता इस बात को लेकर भी है कि यदि समय पर पर्याप्त बारिश नहीं हुई तो धान की बुवाई और उत्पादन दोनों प्रभावित होंगे।

# भीलवाड़ा साइबर पुलिस की त्वरित कार्रवाई: डिजिटल अरेस्ट मामले में 16.36 लाख रुपये होल्ड, 13.46 लाख रुपये पीड़ित को रिफंड

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा साइबर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर हुई 32.75 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के विभिन्न बैंक खातों में 16,36,153 रुपये होल्ड करवाए हैं, जिनमें से 13,46,153 रुपये पीड़ित को रिफंड कर दिए गए हैं। यह कार्रवाई एसपी धर्मेन्द्र सिंह, भीलवाड़ा के निर्देशानुसार, हेमंत नोगीया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, त्वरित अनुसंधान एवं निस्तारण दल, भीलवाड़ा के निर्देशन, और आयुष क्षोत्रिय, आईपीएस (प्रो.), थानाधिकारी, साइबर थाना, भीलवाड़ा के निकटतम सुपरविजन में की गई। इस कार्रवाई के लिए रामशरण, पुलिस निरीक्षक, साइबर थाना, भीलवाड़ा के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था।

### यह थी घटना

दिनांक 14.04.2026 को प्रहलाद राय सोडानी (74 वर्ष), निवासी ए-161, संजय कॉलोनी, पुलिस थाना सुभाषनगर, जिला भीलवाड़ा, जो भीलवाड़ा डेयरी में लेखाकार के पद से फरवरी 2010 में सेवानिवृत्त हुए हैं, ने रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट के अनुसार, 27.03.2026 को उन्हें एक कॉल आया जिसमें बताया गया कि उनके आधार कार्ड से मुंबई में एक सिम कार्ड जारी हुआ है, जिससे लड़कियों को अश्लील मैसेज भेजे गए हैं। इसके बाद, अलग-अलग नंबरों से व्हाट्सएप पर वीडियो




कॉल कर सीबीआई जज तथा पुलिस अधिकारी बनकर डराया-धमकाया गया। अज्ञात आरोपियों ने 'डिजिटल अरेस्ट' का डर दिखाकर 07.04.2026 को पीड़ित के बैंक खाते से 22,50,000 रुपये और 10.04.2026 को उनकी पत्नी सुशीला देवी के बैंक खाते से एफडी तुड़वाकर 10,25,000 रुपये अपने बैंक खातों में स्थानांतरित करवा लिए। इस प्रकार कुल 32,75,000 रुपये की ठगी की गई।

इस पर साइबर थाना में प्रकरण संख्या 12/2026, धारा 308(2), 318(4), 319(2) बीएनएस 2023 व 66 डी आईटी एक्ट (संशोधन 2008) के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान रामशरण, पुलिस निरीक्षक द्वारा शुरू किया गया।

### पुलिस की कार्रवाई:

साइबर धोखाधड़ी की गंभीरता को देखते हुए श्री रामशरण, पुलिस निरीक्षक द्वारा प्रकरण में तकनीकी अनुसंधान किया गया। संदिग्ध खातों की पहचान कर उनमें मौजूद राशि को फ्रीज करवाया गया। दिनांक 12.05.2026 को माननीय न्यायालय से फ्रीजशुदा राशि में से 13,46,153 रुपये का आदेश प्राप्त कर, बैंकों से समन्वय स्थापित किया गया और त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के खाते में कुल 13,46,153 रुपये रिफंड करवाकर उन्हें राहत प्रदान की गई।

### पुलिस टीम का विवरण:

रामशरण, पुलिस निरीक्षक, साइबर थाना, भीलवाड़ा, बाबुलाल, कॉन्स्टेबल, साइबर थाना, प्रभुराम, कॉन्स्टेबल,

### पुलिस की अपील:

भीलवाड़ा पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी झूठी कॉल्स से घबराएं नहीं और किसी भी अनजान व्यक्ति को अपनी व्यक्तिगत जानकारी या बैंक विवरण साझा न करें। साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें या साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

# मांडल में भी चला पीले पंजे का कहर, नाले पर बने पक्के निर्माण ध्वस्त

स्मार्ट हलचल

**मांडल।** कस्बे में प्रशासन ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए महेश कॉलोनी क्षेत्र में नाले पर किए गए पक्के निर्माणों पर पीला पंजा चलाया। हिट वेव के बीच हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत प्रशासन एवं सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और नाले की भूमि पर किए गए अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई शुरू की। प्रशासन का कहना है कि बरसात के मौसम से पहले जलभराव और पानी निकासी की समस्या को रोकने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने नाले पर हो रहे पक्के निर्माणों को



अवैध बताते हुए कहा कि अतिक्रमण के कारण बारिश के दौरान पानी की निकासी प्रभावित होती है, जिससे आसपास के इलाकों में जलभराव की स्थिति बन जाती है।

प्रशासन ने चारभुजा कॉलोनी एवं कोली खेड़ा मार्ग क्षेत्र में भी अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी किए हैं। अधिकारियों ने साफ चेतावनी दी है कि सरकारी भूमि एवं नालों पर किए गए अवैध कब्जों को जल्द हटाया जाए, अन्यथा प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा।

कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। वहीं अन्य अतिक्रमणकारियों में भी कार्रवाई को लेकर भय का माहौल देखा गया। प्रशासन ने आगामी दिनों में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रखने के संकेत दिए हैं।

# चलती एंबुलेंस बनी 'सड़क का प्रसूति कक्ष' महिला ने दिया बच्चे को जन्म

स्मार्ट हलचल | बनेड़ा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गर्भवती महिला को रेफर करने पर 108 चालक प्रकाश चंद्र कुमावत गर्भवती महिला तथा उनके परिजनों को लेकर तत्काल महात्मा गांधी अस्पताल भीलवाड़ा के लिए रवाना हुए। रास्ते में ले जाते समय गर्भवती महिला को असहनीय पीड़ा होनी शुरू हो गई और डिलीवरी करवाने की नौबत आ गई ऐसी स्थिति में पायलट प्रकाश द्वारा एंबुलेंस रोकना संभव नहीं था तो सायरन बजते हुए दौड़ती एंबुलेंस में ही ईएमटी एहसान अली द्वारा डिलीवरी करवाई गई।

जब पायलट प्रकाश चंद्र कुमावत गर्भवती महिला को अस्पताल से लेकर रवाना हुए तो परिजनों के चेहरे पर डर झलक रहा था परंतु ईएमटी तथा पायलट की तत्परता व सूझबूझ से सुरक्षित प्रसव करवाया और चलती गाड़ी में किलकारी गूंज उठी तो परिजनों के चेहरे पर खुशी झलक पड़ी।



108 एंबुलेंस पर कार्यरत ईएमटी एहसान तथा पायलट प्रकाश ने आज दाई की भूमिका निभाई तो वहीं परिजनों ने 108 एंबुलेंस पर कार्यरत कर्मचारियों को 'भगवान का दूसरा रूप' बताया और दुआएं व्यक्त की गई।

सुरक्षित प्रसव के तत्पश्चात ईएमटी एहसान द्वारा नवजात की नाल काटकर जच्चा बच्चा दोनों को स्वस्थ व सुरक्षित पायलट प्रकाश चंद्र के सहयोग से जिला अस्पताल भीलवाड़ा पहुंचाया गया।

# ईमानदारी की मिसाल: एमजीएच में होमगार्ड जवानों ने वृद्ध महिला का रुपयों से भरा खोया पर्स लौटाया

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** महात्मा गांधी चिकित्सालय परिसर में गुरुवार को मानवता और ईमानदारी की एक अनूठी मिसाल सामने आई है। अस्पताल में भर्ती अपनी बहू की देखभाल करने आई एक बुजुर्ग महिला का रुपयों से भरा पर्स परिसर में ही कहीं गिर गया था, जिसे अस्पताल में तैनात सतर्क होमगार्ड कर्मियों ने पूरी ईमानदारी के साथ बुजुर्ग महिला के परिवार को सुरक्षित सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार, मारुति नगर निवासी कैलाश ओड की माताजी अपनी बहू का रखरखाव (देखभाल) करने के लिए महात्मा गांधी के चिकित्सालय आई थीं। इसी दौरान जल्दबाजी या अनजाने में उनका पर्स अस्पताल परिसर



में ही कहीं गिर गया। उस पर्स में 10,000 रुपये की नकदी और छोटे-मोटे जेवरात थे। अस्पताल परिसर में गश्त और व्यवस्था संभाल रहे होमगार्ड कर्मी बालमुकुंद त्रिपाठी और पारसमल सोनी को यह लावारिस पर्स मिला। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना महात्मा गांधी चिकित्सालय पुलिस चौकी को दी। दोनों जवानों ने ईमानदारी का परिचय देते हुए पर्स को खोला नहीं और सीधे पुलिस को सौंप दिया ताकि उसके असली मालिक की तलाश की जा सके।

चिकित्सालय पुलिस चौकी के प्रभारी कृष्ण गोपाल की मौजूदगी में पुलिस और होमगार्ड जवानों ने तत्परता दिखाते हुए पर्स के मालिक का पता लगाया। इसके बाद बुजुर्ग महिला के पुत्र कैलाश ओड (निवासी मारुति नगर) को चौकी पर बुलाया गया। सभी सामान और 10,000 रुपये नकदी का मिलान करने के बाद, प्रभारी कृष्ण गोपाल के सामने होमगार्ड जवानों ने वह पर्स कैलाश ओड को सौंप दिया। अपना खोया हुआ पर्स और गाढ़ी कमाई के पैसे सुरक्षित पाकर कैलाश ओड और उनके परिवार ने राहत की सांस ली। पीड़ित परिवार ने होमगार्ड कर्मी बालमुकुंद त्रिपाठी, पारसमल सोनी और पुलिस चौकी प्रभारी कृष्ण गोपाल का सहृदय आभार व्यक्त किया। अस्पताल परिसर में मौजूद अन्य लोगों ने भी दोनों होमगार्ड जवानों की इस ईमानदारी की जमकर सराहना की।

# चरागाह भुमि मे अवैध खनन करते ट्रेक्टर ट्रॉली जब्त

स्मार्ट हलचल | बनेड़ा

उपखण्ड सर्किल के सरदारनगर ग्राम पंचायत की चरागाह भुमि मे अवैध रूप से बजरी खनन करते एक ट्रेक्टर ट्राली को जब्त कर के थाने लेकर के पहुंची।

21 मई को तड़के सरदारनगर ग्राम के तालाब की आव से लसाडिया तालाब में पानी जाने वाले रास्ते पर चरागाह भुमि मे अवैध रूप से बजरी परिवहन की ग्रामीणों द्वारा मोबाइल से जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर अवैध बजरी खनन की सुचना पर थाना प्रभारी बच्छराज चौधरी मय जाब्ते के नीजी वाहन से मौके पर पहुंचे। तथा चरागाह भुमि से बजरी से भरे ट्रेक्टर ट्राली को जब्त कर के थाने में खडा करवाया। साथ ही यह भी जानकारी मिली है। बजरी खनन मे स्थानीय पंचायत प्रशासक की मुख्य भूमिका होना सामने आया है। साथ ही ग्रामीणो का कहना है कि दो साल पहले तक यहा सरदारनगर



तथा लसाडिया गांव के मवेशी चयने आते थे। विगत दो साल से चल रहे अवैध खनन के चलते लगभग एक किलोमीटर के क्षेत्र में करीब 500 बीघा जमीन मे बडे बडे गड्ढ़े खोद दिए गए हैं। मगर फिर प्रशासन द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

अवैध बजरी से भरे ट्रेक्टर को पकडने के साथ मामले की सुचना माइनिंग विभाग को दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुची माइनिंग विभाग की टीम ने बजरी से भरे ट्रेक्टर पर जुर्माना किया। वहीं पुलिस ने ट्रेक्टर चालक पीरुलाल पुत्र बालु भील को शान्ति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

# पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव का किया सम्मान



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

राजस्थान जन मंच ने भीलवाड़ा जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव का सम्मान भाजपा नेता राजस्थान जन मंच अध्यक्ष कैलाश सोनी के नेतृत्व में प्रभु श्री राम जी का दुप्पटा पहनाकर मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर प्रभु श्री राम की भव्य दिव्य मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया । जिन्होंने भीलवाड़ा शहर में आम जन में विश्वास अपराधियों में भय कायम कर राज-स्थान में भीलवाड़ा शहर की मिसाल कायम की । इस को लेकर सम्मानित किया गया ।

इस दौरान शिवप्रकाश चन्नाल जयनारायण जोशी रामचंद्र मुन्दड़ा सुभाष गोयल देवकिशन लखारा किशोर लखवानी भवानी शंकर दुदानी लादु लाल गुर्जर देवेंद्र गोयल किशन लखारा सहित कार्यकर्ताओं ने स्वागत अभिनंदन किया।

# श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आगाज

स्मार्ट हलचल | बनेड़ा। निकटवर्ती बड़ा महुआ गांव में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आगाज गुरुवार को 51 जल कलशो की कलश यात्रा के साथ हुआ। बड़ा महुआ गांव में 21 से 27 मई तक स्व गोविन्द राम जोशी एवं स्व राहुल जोशी कि स्मृति में आयोजित श्री मद भागवत ज्ञान यज्ञ के पहले दिन शुभारंभ 21 मई गुरुवार को प्रातः 7 बजे चारभुजा मंदिर से पुजा अर्चना के पश्चात श्री मद भागवत जी के साथ 51 जल कलशो की शोभायात्रा डीजे के के साथ शुरू हुई हुई।

### धर्म के इंद्र बनकर छाए एसपी यादव, विदाई समारोह में उमड़ा जनसैलाब

# 'कुछ लोग सांचे में ढल जाते हैं, कुछ लोग सांचा ही बदल जाते हैं' – वैद्य हंसराज चौधरी

## हरिशेवा धाम में संतों के सानिध्य में हुआ भव्य अभिनंदन, लोगों ने कहा – 'ऐसे अफसर बार-बार नहीं आते'

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा जिले के लोकप्रिय पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के चित्तौड़गढ़ स्थानांतरण पर बुधवार को हरिशेवा धाम आश्रम में भावनाओं से भरा भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में संतों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और सैकड़ों नागरिकों की मौजूदगी ने यह साबित कर दिया कि एसपी यादव ने केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी ही नहीं निभाई, बल्कि आमजन के दिलों में भी खास जगह बनाई।

हरिशेवा धाम आश्रम में आयोजित इस गरिमामयी समारोह में महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम महाराज एवं हरिद्वार से पधारे महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश दास उदासीन के सानिध्य में एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव का शॉल ओढ़ाकर और रुद्राक्ष की माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। जैसे ही संतों ने उन्हें आशीर्वाद दिया, पूरा पांडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

पूर्व सभापति लक्ष्मीनारायण डाड के संयोजन में आयोजित समारोह में सांसद दामोदर अग्रवाल, जिला कलेक्टर जसमीत संधु, भीलवाड़ा




विधायक अशोक कोठारी, समाजसेवी रविंद्र जाजू, संत मायाराम सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मंच से वक्ताओं ने एसपी यादव के कार्यकाल को जनहित, संवेदनशीलता और सख्त कानून व्यवस्था का आदर्श उदाहरण बताया।

समारोह के दौरान श्री नवग्रह आश्रम सेवा संस्थान के संस्थापक वैद्य हंसराज चौधरी ने एसपी यादव की जमकर सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पुलिस और आम आदमी के बीच वर्षों से बनी दूरी को खत्म करने का काम किया। उन्होंने अपने भावुक संबोधन में एक शेर सुनाते हुए माहौल को भावनात्मक बना दिया–

**'कुछ लोग आये थे और सांचे में ढल गये,**
**कुछ लोग आये थे सांचा ही बदल गये... '**

उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र सिंह यादव ने अपने नाम के अनुरूप 'धर्म के इंद्र' बनकर न्याय और सुरक्षा की मिसाल कायम की। उनके कार्यकाल में आमजन ने पुलिस को डर नहीं, भरोसे की नजर से देखना शुरू किया। यही वजह रही कि समारोह में लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम में शहर की अनेक सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संस्थाओं की ओर से भी एसपी यादव का सम्मान किया गया। कई वक्ताओं ने कहा कि एक कड़क लेकिन संवेदनशील अधिकारी के रूप में यादव ने अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास का वातावरण तैयार किया।

समारोह के अंत में उपस्थित लोगों ने एसपी यादव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए चित्तौड़गढ़ में भी उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। पूरे आयोजन में भावुकता, सम्मान और अपनत्व का अनूठा संगम देखने को मिला।

# सरस डेयरी परिसर में शॉर्ट सर्किट से दूध टैंकर में लगी भीषण आग

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** शहर की सरस डेयरी परिसर में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दूध लेकर पहुंचे एक टैंकर में अचानक शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने टैंकर की केबिन को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ ही देर में केबिन पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना के दौरान डेयरी परिसर में मौजूद कर्मचारियों और लोगों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार जिस स्थान पर टैंकर खड़ा था, उसके पास ही घी का गोदाम स्थित था। ऐसे में आग के फैलने का खतरा लगातार बना हुआ था। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। आग से उठता घना धुआं दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के क्षेत्र में भी दहशत का माहौल बन गया।

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर तेजी से काबू पाया, जिससे आग को अन्य हिस्सों



में फैलने से रोक लिया गया।

फायरवूमेन रीना कुमारी ने बताया कि सरस डेयरी परिसर में ठेकेदार प्रभुलाल शर्मा का दूध टैंकर खड़ा था। इसी दौरान शॉर्ट सर्किट के कारण उसमें आग लग गई। सिटी कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की गई। समय रहते आग पर नियंत्रण पाने से बड़ा नुकसान टल गया। हालांकि टैंकर की केबिन पूरी तरह जल गई, लेकिन घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# सोपुरा में भव्य कलशयात्रा के साथ पंच कुण्डिय विष्णु महायज्ञ शुरू

## 25 को तेजाजी महाराज की मूर्ति व स्वर्ण कलश की स्थापना

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर क्षेत्र के जाटों का सोपुरा गांव में गुरुवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलशयात्रा निकाली गई, इसके साथ ही तेजाजी महाराज के नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं मंदिर शिखर पर स्वर्ण कलश की स्थापना महोत्सव की शुरुआत हुई । ग्रामीणों ने बताया कि तेजाजी महाराज के मंदिर का निर्माण पूर्ण होने पर 25 मई सोमवार को मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा और मंदिर शिखर पर स्वर्ण कलश की स्थापना की जाएगी । इसको लेकर पांच दिवसीय पंच कुण्डीय विष्णु महायज्ञ एवं स्वर्ण कलश स्थापना की शुरुआत आज गुरुवार सुबह 10:15 बजे



चामुंडा की माताजी मंदिर से 251 कलशों में जल भरकर कलशयात्रा प्रारंभ हुई, कलश यात्रा में 251 महिलाएं एवं युवतियां सज धजकर सिर पर कलश लेकर शामिल हुई, इसके साथ कलश यात्रा ढोल नगाड़े व डीजे के साथ गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए गुजरी, जहां पर जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा व शोभायात्रा का स्वागत किया गया, इस भक्तगण भक्तिमय भजनों पर भाव विभोर होकर नाचते झूमते हुए चले, वहीं महिलाओं ने मंगल गीत भी गाए । सुबह 11:15 बजे कलशयात्रा तेजाजी चौक में पहुंची । जहां यज्ञशाला की परिक्रमा लगाने के बाद जल से भरे कलशों व झंडों को स्थापित किया गया । दोपहर बाद मंडप प्रवेश किया गया । जहां पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ग्राम देवी-देवताओं का आहवान कर स्थापित किया । 5 कुंड पर 35 जोड़ो ने आहुतियां लगाई । सोमवार 25 मई को प्रातः 7:00 बजे तेजाजी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व स्वर्ण कलश की स्थापना होगी ।।

### भीषण गर्मी में पैदल चली महिलाएं, टैंकर से किया पानी का छिड़काव

कलशयात्रा सुबह 10:15 बजे चामुंडा माताजी मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई, लेकिन तब तक भीषण गर्मी के चलते कलश लेने वाली महिलाओं, चारभुजानाथ के बैवाण को लेकर चलने वालों और झंडा व झंडियां लेने वाले के पैर गर्मी से पतने लगे, इनसे पैरों को बचाने के लिए कलशयात्रा व शोभायात्रा के आगे-आगे टैंकर से पानी का छिड़काव करते हुए चले, जिससे लोगों को राहत मिली।

# महंगाई का नया झटका: सरस डेयरी के दूध, छाछ, दही-लस्सी समेत सभी उत्पाद महंगे, 2 रुपये प्रति लीटर बढ़ी कीमत

स्मार्ट हलचल | जयपुर

आम उपभोक्ताओं के लिए महंगाई का एक और बड़ा झटका। जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड (जयपुर डेयरी) ने सरस दूध के दामों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी है। दूध के साथ-साथ छाछ, दही, लस्सी, पनीर और अन्य डेयरी उत्पादों की कीमतों में भी आनुपातिक बढ़ोतरी की गई है।नई कीमतें 21 मई 2026 (गुरुवार) शाम की सप्लाई से पूरे जयपुर जिले सहित राजस्थान के कई हिस्सों में लागू हो गई हैं।सरस दूध की नई कीमतें (प्रति लीटर):सरस गोल्ड दूध: 70 (पहले 68)

सरस टोंड दूध: 56 (पहले 54)
सरस स्टैंडर्ड/स्मार्ट दूध: 48 से 64 (वैरिएंट के अनुसार 2 बढ़ोतरी)

अन्य उत्पादों की बढ़ी हुई कीमतें:500 द्रव्य छाछ पाउच: 17
दही (200 ग्राम): 18
दही (400 ग्राम): 36
लस्सी: 17
पनीर: 23 प्रति किलो तक बढ़ोतरी

जयपुर डेयरी के प्रबंध निदेशक मनीष फौजदार के अनुसार, इस बढ़ोतरी का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों को आर्थिक राहत देना और गर्मियों में दूध की पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखना है। पशुपालकों से दूध खरीद की दर में भी 25 प्रति किलो फैट की बढ़ोतरी की गई है (अब 875 प्रति किलो फैट)। साथ ही उत्पादन, परिवहन और अन्य संचालन लागत में वृद्धि को भी ध्यान में रखा गया है।

### आमजन पर असर

राजस्थान में सरस डेयरी सबसे बड़ा दूध ब्रांड है। लाखों परिवार रोजाना सरस दूध, छाछ और दही का उपयोग करते हैं। इस बढ़ोतरी से मध्यम वर्गीय परिवारों, चाय-नाश्ते वाले ठेलों और छोटे होटलों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। कई उपभोक्ताओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पेट्रोल-डीजल के बाद अब दूध-छाछ भी महंगा हो गया है।

### डेयरी का पक्ष

डेयरी का कहना है कि पशुपालकों की आय बढ़ाने और गर्मी के मौसम में दूध संकलन बनाए रखने के लिए यह आवश्यक कदम था।नोट: नई कीमतें आज शाम से पूर्ण रूप से लागू हैं। उपभोक्ता बोर्ड पर नई दरें चेक कर खरीदारी करें।

# हिंदुस्तान जिंक की बायोडायवर्सिटी पहल से 4.1 लाख से अधिक पशु एवं वन्यजीव लाभान्वित

## बाघदड़ा मगरमच्छ संरक्षण रिजर्व के कायाकल्प से वन्यजीवों को मिलेगा सुरक्षित वातावरण

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

विश्व की प्रमुख जिंक उत्पादक कंपनियों में शामिल हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं पशु कल्याण के लिए किए जा रहे अपने प्रयासों की जानकारी साझा की। कंपनी की सामुदायिक योजना 'समाधान' के तहत राजस्थान में अब तक 4.1 लाख से अधिक पशुधन लाभान्वित हो चुके हैं। कंपनी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पशु उपचार, जल व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण एवं वन्यजीवों के संरक्षण के लिए वैज्ञानिक तरीकों से कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में उदयपुर स्थित 369 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले बाघदड़ा मगरमच्छ संरक्षण रिजर्व के विकास का कार्य भी शुरू किया गया है।

हिंदुस्तान जिंक पिछले दस वर्षों से अपने संचालन क्षेत्रों के आसपास स्थित गांवों में पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर रही है। समाधान परियोजना के तहत पशुपालकों को निःशुल्क उपचार, टीकाकरण एवं पशुपालन संबंधी जानकारी उपलब्ध



करवाई जा रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन स्वस्थ रहने के साथ किसानों की आय में भी वृद्धि हो रही है। गर्मियों में पशुओं के लिए गांवों में पानी की टंकियां एवं पात्र रखे जा रहे हैं। वहीं सड़क हादसों में आवारा पशुओं की सुरक्षा के लिए उनके गले में रिफ्लेक्टिव कॉलर लगाए जा रहे हैं, जिससे रात में वाहन चालकों को वे आसानी से दिखाई दे सकें।

हिंदुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण एवं जीव-जंतुओं की सुरक्षा कंपनी की कार्यशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कंपनी प्रकृति संरक्षण एवं ग्रामीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा वैश्विक मानकों का पालन करते हुए पर्यावरण सुरक्षा में योगदान दे रही है।

कंपनी ने राजस्थान सरकार के साथ 5 करोड़ रुपए का एमओयू कर बाघदड़ा मगरमच्छ रिजर्व के विकास कार्य शुरू किए हैं। इसके तहत नए पौधे लगाए जा रहे हैं, जल संरक्षण के लिए चेक डैम एवं तालाब बनाए जा रहे हैं तथा पर्यटकों के लिए वॉकिंग ट्रैक एवं बैठने की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। रिजर्व के पूर्ण विकसित होने पर यहां मगरमच्छों के साथ 200 से अधिक पक्षी प्रजातियों को सुरक्षित आवास मिलेगा। हिंदुस्तान जिंक अंतरराष्ट्रीय संस्था आईयूसीएन के साथ मिलकर जैव विविधता संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन की दिशा में कार्य कर रही है। कंपनी 'नो नेट लॉस' के लक्ष्य के तहत पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को वृक्षारोपण एवं संरक्षण कार्यों के माध्यम से संतुलित करने का प्रयास कर रही है। कंपनी की यह पहल दर्शाती है कि औद्योगिक विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं बेजुबान पशुओं की सुरक्षा को भी समान प्राथमिकता दी जा सकती है।

# नागदी नदी पर 15 करोड़ की हाई लेवल पुलिया का कार्य जल्द शुरू



स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** नगरवासियों की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। नागदी नदी पर चावंडिया चौराहा से महाराणा प्रताप चौक नो चौक तक बनने वाली हाई लेवल पुलिया के निर्माण कार्य का वर्क ऑर्डर जारी हो चुका है। करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस पुलिया का कार्य आगामी 15 दिनों में शुरू होने की संभावना है।

पुलिया निर्माण कार्य का अवलोकन करने सांसद दामोदर अग्रवाल जहाजपुर पहुंचे। अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर उन्होंने अतिरिक्त मुख्य अभियंता डी.के. गुप्ता से फोन पर वार्ता कर कार्य को शीघ्र शुरू करवाने के निर्देश दिए। वहीं विधायक गोपीचंद मीणा ने एसडीएम राजकेश मीणा से भूमि धारकों को जल्द मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए।

इस दौरान भाजपा ग्रामीण एवं नगर अध्यक्ष रामप्रसाद टांक, महेंद्र खटीक, भाजपा नेता राकेश पत्रिया, कैलाश सुवालाल, देवेंद्र ढाणी, धनश्याम नागौरी, एडवोकेट अमित बिड़ला, कैलाश टेपण, प्रशांत नागौरी, कनिष्ठ अभियंता हेमंत कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सवाईपुर में कलशयात्रा के साथ श्री मद् भागवत कथा महोत्सव की शुरुआत



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर कस्बे में श्री मद् भागवत कथा महोत्सव एवं हरिबोल प्रभात फेरी संगम को लेकर गुरुवार को कलशयात्रा निकाली गई, इसके साथ ही श्री मद् भागवत कथा की शुरुआत हुई । आयोजक कर्ता जगदीश उपाध्याय ने बताया कि आज गुरुवार प्रातः 8:15 बजे सालरिया रोड़ स्थित हनुमान जी मंदिर से शोभायात्रा व कलश यात्रा प्रारंभ हुई, 21 महिलाएं व युवतियां सिर पर कलश लेकर कलश यात्रा में शामिल हुई, कलशयात्रा गाजे-बाजे ढोल-नगाड़, बैंड के साथ गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए, भक्तिमय भजनों पर भक्तजन नाचने झुमने लगे, शोभायात्रा व कलशयात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, शोभायात्रा व कलशयात्रा ब्राह्मणों के मंदिर पर पहुंची, जहां दोपहर 12 बजे से कथा वाचक कमलेश सिरोठा भीलवाड़ा के मुखारविंद से श्री मद् भागवत कथा शुभारंभ हुई, कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 12:15 बजे से 3:15 बजे तक ब्राह्मणों के चारभुजानाथ मंदिर प्रांगण में होगा । 27 मई को सायं 5 बजे भागवत कथा की पूर्णाहुति होगी । 28 मई को प्रातः 8 बजे से हरि बोल प्रभात फेरी की शुरु होगी।

# ग्राम पंचायत अलीगढ़ की दीवार पर ही गंदगी- स्वच्छ भारत मिशन की उड़ाई जा रही धज्जियां

## अलीगढ़ में भाजपा नेता पर खुलेआम पेशाब कर स्वच्छता अभियान की अनदेखी के आरोप

स्मार्ट हलचल | टोंक/अलीगढ़

केंद्र और राज्य सरकार जहां स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों और कस्बों को स्वच्छ बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर जागरूकता अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर कुछ जिम्मेदार और पढ़े-लिखे लोग ही इस अभियान की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत अलीगढ़ का है, जहां पंचायत भवन की बाहरी दीवार के पास एक स्थानीय भाजपा नेता द्वारा नियमित रूप से खुलेआम पेशाब किए जाने की चर्चा क्षेत्र में बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत अलीगढ़ द्वारा स्वच्छता



को लेकर दीवारों पर स्पष्ट संदेश लिखवाए गए हैं कि 'कृपया कचरा निर्धारित स्थान पर डालें' तथा 'आप कैमरे की नजर में हैं, यहां पेशाब करना मना है।' इसके बावजूद भी संबंधित व्यक्ति खुलेआम दीवार के पास पेशाब करते दिखाई देते हैं, जिससे स्वच्छता अभियान पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

गौरतलब है कि इसी मार्ग से पंचायत समिति अलीगढ़, ग्राम पंचायत कार्यालय तथा सवाई माधोपुर रोड की ओर जाने वाले सैकड़ों लोगों का प्रतिदिन आवागमन रहता है। यहां से महिलाएं, स्कूली छात्र-छात्राएं और आम राहगीर गुजरते हैं, जिन्हें इस तरह की हरकतों के कारण असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत कचरा संग्रहण वाहन गली-मोहल्लों में भेजकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया जाता है। वाहन पर स्वच्छता आधारित गीतों और संदेशों के माध्यम से लोगों से सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने की अपील की जाती है। लेकिन जब राजनीतिक मंचों पर स्वच्छता की बातें करने वाले लोग ही नियमों की अनदेखी करते नजर आएं तो आमजन में गलत संदेश जाता है।

लोगों ने सवाल उठाया है कि जब दीवार पर साफ तौर पर 'यहां पेशाब करना मना है' लिखा हुआ है और क्षेत्र सीसीटीवी निगरानी में है, तब भी नियमों की खुलेआम अवहेलना क्यों की जा रही है? स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और ग्राम पंचायत से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करवाने की मांग की है।

# गहलोत से मिलीं महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव हेमलता चौधरी

स्मार्ट हलचल | नई दिल्ली

दिल्ली प्रवास के दौरान अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं गुजरात प्रभारी हेमलता चौधरी ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से राजस्थान स्टेट गेस्ट हाउस में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान हेमलता चौधरी ने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी, संगठन विस्तार एवं महिला कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत करने जैसे विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही राजस्थान महिला कांग्रेस की वर्तमान गतिविधियों, संगठनात्मक मजबूती तथा महिलाओं से जुड़े सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों को लेकर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

हेमलता चौधरी ने कहा कि महिलाओं को राजनीति और



सामाजिक नेतृत्व में अधिक अवसर मिलना चाहिए, जिससे वे समाज और देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। उन्होंने महिला कांग्रेस को और अधिक सक्रिय एवं जनसरोकारों से जोड़ने पर भी जोर दिया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महिला कांग्रेस की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना लोकतंत्र मजबूत नहीं हो सकता। उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने और महिलाओं के हितों के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया।

# शाहपुरा में छलकेगा रोमांच का जोश! जिला स्तरीय सीनियर तैराकी प्रतियोगिता 24 मई को, तरणताल में उतरेंगे 37 तैराक

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** नगर पालिका तरणताल शाहपुरा में 24 मई को पानी में रोमांच, रफ्तार और हुनर का जबरदस्त संगम देखने को मिलेगा। जिला तैराकी संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय सीनियर तैराकी प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। प्रतियोगिता रविवार सुबह 7 बजे से शुरू होगी, जहां जिलेभर के तैराक



अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाएंगे।

आयोजन सचिव राकेश वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए अब तक 37 प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं, जिनमें 26 पुरुष और 11 महिला तैराक शामिल हैं। प्रतियोगिता में जिले के प्रतिभावान खिलाड़ी अपनी स्पीड, स्टैमिना और तकनीक का प्रदर्शन करेंगे। तरणताल परिसर में पूरे दिन खेल रोमांच का माहौल बना रहेगा।

इस प्रतियोगिता का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है क्योंकि इसी दिन भीलवाड़ा जिले की टीम का चयन भी किया जाएगा, जो आगामी राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 1 से 3 जून तक जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित होगी।

प्रतियोगिता में राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष एवं भारतीय तैराकी संघ के उपाध्यक्ष अनिल व्यास सहित भीलवाड़ा जिला तैराकी संघ शाहपुरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कार्तिकेय व्यास भी मौजूद रहेंगे। उनके आगमन को लेकर खिलाड़ियों में खास उत्साह देखा जा रहा है। शाहपुरा का तरणताल अब खेल प्रतिभाओं की नई उड़ान का गवाह बनने जा रहा है, जहां पानी में उतरते ही युवा तैराक जीत की लहरें पैदा करते नजर आएंगे।

# बारहठ महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष प्रवेश की अंतिम तिथि



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा)** । शाहपुरा-श्री प्रताप सिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय शाहपुरा, राजकीय कन्या महाविद्यालय शाहपुरा, राजकीय महाविद्यालय फूलिया कलां एवं राजकीय महाविद्यालय कोटड़ी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु स्नातक प्रथम वर्ष (सेमेस्टर प्रथम) बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम. में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन माध्यम से ई-मित्र पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 22.05.2026 है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुष्कर राज मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश प्रक्रिया आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न की जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों से समय पर आवेदन करने एवं आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने का आग्रह किया है। प्रवेश नोडल अधिकारी धर्मनारायण वैष्णव ने बताया कि अभ्यर्थियों को आवेदन करते समय अंकतालिका, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने चाहिए। प्रवेश से संबंधित समस्त जानकारी महाविद्यालय के सूचना पट एवं आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा तथा चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा कराना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी महाविद्यालय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# ऑल इंडिया राजीव गांधी बिग्रेड द्वारा राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

## स्व. राजीव गांधी ने युवाओं को दी नई दिशा, रखी देश में सूचना क्रांति की मजबूत नींव: जगदीश मानसिंहका

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** ऑल इंडिया राजीव गांधी बिग्रेड के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए तथा उनके देशहित में किए गए योगदान को याद किया। जिलाध्यक्ष रियाज खान पठान ने बताया कि राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाए जाने वाले इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता जगदीश मानसिंहका



के नेतृत्व में गजाधर मानसिंहका धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के बताए मार्ग पर चलते हुए देश और समाज की सेवा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता जगदीश मानसिंहका ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने भारत को आधुनिक सोच और नई तकनीक से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने युवाओं को नई दिशा देने के साथ देश में सूचना क्रांति की मजबूत नींव रखी। मानसिंहका ने कहा कि राजीव गांधी के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और हमें उनके आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। उनके दूरदर्शी नेतृत्व का ही परिणाम है कि आज भारत डिजिटल युग में विश्व पटल पर अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। कार्यक्रम में गांधीवादी विचारक जगदीश मानसिंहका, प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानमल खटीक, जिलाध्यक्ष रियाज खान पठान, मोहम्मद अली, कलीम काजी, शैलेन्द्र चौधरी, हरक लाल, शिव चरण, एडवोकेट आरिफ काजी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन बेटिंग एप्स के प्रचार पर शाहपुरा के पवन साहु से पूछताछ

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिले के शाहपुरा निवासी पवन साहू इन दिनों ऑनलाइन गैंबलिंग और सट्टेबाजी एप्स के प्रचार को लेकर विवादों में घिर गए हैं। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार पवन साहू पर सोशल मीडिया पर अपनी लाखों की फैन फॉलोविंग का उपयोग कर युवाओं को ऑनलाइन बेटिंग प्लेटफॉर्म की ओर आकर्षित करने के आरोप लगे हैं। बताया जा रहा है कि वह इंस्टाग्राम वीडियो में आलीशान जिंदगी, करोड़ों रुपए कैश, सोने के बिस्किट, हेलीकॉप्टर राइड और महंगी गाड़ियों जैसे Land Rover Defender, Mahindra Scorpio और Mahindra Thar का प्रदर्शन कर लोगों को 'जल्दी अमीर बनने' का लालच देते थे। आरोप है कि वीडियो में दिए गए लिंक से यूजर्स टेलीग्राम चैनलों पर पहुंचते थे, जहां ऑनलाइन गैंबलिंग साइट्स का प्रचार किया जाता था।



सूत्रों के अनुसार पुलिस ने संबंधित 'रु और डिजिटल सबूत जुटा लिए हैं तथा सोशल मीडिया कंपनियों से डाटा मांगा जा रहा है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि कथित प्रचार से कितनी अवैध कमाई हुई और उससे कौन-कौन सी संपत्तियां खरीदी गईं। कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार मामला मनी लॉन्ड्रिंग, साइबर अपराध, अवैध सट्टेबाजी और भ्रामक विज्ञापन कानूनों से जुड़ सकता है तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रवर्तन निदेशालय जैसी एजेंसियां भी जांच कर सकती हैं। फिलहाल पूरे मामले में आधिकारिक जांच जारी है।

# नीट पेपर लीक मामले में कांग्रेस का प्रदर्शन, शाहपुरा से पहुंचे कार्यकर्ता



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा जयपुर स्थित बीजेपी मुख्यालय के घेराव कार्यक्रम में शाहपुरा से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आयोजित इस आंदोलन में शाहपुरा-बनेड़ा कांग्रेस विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रैगर के नेतृत्व में कार्यकर्ता जयपुर पहुंचे।

प्रदर्शन के दौरान शाहपुरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महावीर कुमावत, बनेड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नारायण गाडरी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सेन सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नीट पेपर लीक से देश के लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है और केंद्र सरकार परीक्षा व्यवस्था को संभालने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी युवाओं के अधिकारों और उनके भविष्य की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

जयपुर में कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा विद्यार्थियों को न्याय दिलाने की मांग उठाई।

## जिला अभिभाषक संस्था ने अधिवक्ता कॉलोनी तथा पार्किंग समस्या के समाधान की उठाई मांग, सौंपा ज्ञापन

# जिला अभिभाषक संस्था अधिवक्ताओं के अधिकारों और सुविधाओं के लिए निरंतर संघर्षरत रहेगी: अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिला अभिभाषक संस्था के पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहरलाल बुनकर, कोषाध्यक्ष गोरानी, सह सचिव आदित्य सिंह चौहान, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली सहित कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ ने बताया कि



भीलवाड़ा में अधिवक्ताओं के लिए एक अधिवक्ता कॉलोनी की लंबे समय से मांग की जा रही है। उन्होंने जिला कलेक्टर को अवगत कराया कि अधिवक्ता हितों के लिए स्वायत्त शासन विभाग जयपुर द्वारा 10 सितंबर 2021 को नगर परिषद की स्वामित्व वाली 18 बीघा भूमि ग्राम सांगानेर में जिला एवं सेशन न्यायालय भीलवाड़ा को आवंटित की गई थी। वर्तमान में 62 बीघा भूमि जिला न्यायालय को आवंटित हो चुकी है, जो उक्त 18 बीघा भूमि के निकट स्थित है।

ऐसे में संस्था ने मांग की कि उक्त 18 बीघा भूमि एवं आसपास की खाली सरकारी भूमि को अधिवक्ता कॉलोनी हेतु आरक्षित कर रियायती दर पर भूखंड आवंटित किए जाएं। इस पर जिला कलेक्टर ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि 18 बीघा भूमि को अधिवक्ता कॉलोनी हेतु आरक्षित करने का प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा। इसके साथ ही संस्था पदाधिकारियों ने न्यायालय परिसर में व्याप्त पार्किंग समस्या को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में न्यायालय परिसर में पार्किंग निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके कारण अधिकांश वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं और आमजन के आवागमन में बाधा उत्पन्न होने के साथ आए दिन जाम की स्थिति बनती है। इस समस्या के समाधान के लिए पुलिस अधीक्षक आवास के सामने स्थित पार्क के पास खाली स्थान को पार्किंग हेतु उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया गया। इस पर जिला कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक से चर्चा कर उक्त स्थान पार्किंग के लिए उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ ने कहा कि जिला अभिभाषक संस्था सदैव अधिवक्ता हितों के लिए कार्य करती आई है और अधिवक्ताओं की समस्याओं का समाधान करना संस्था का प्रमुख ध्येय है। उन्होंने कहा कि संस्था भविष्य में भी अधिवक्ताओं के अधिकारों और सुविधाओं के लिए निरंतर संघर्षरत रहेगी।

# कांग्रेस संगठन की नई नियुक्तियों से जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत होगा पार्टी ढांचा-आंजना

**पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कांग्रेस कार्यालय पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया अभिनंदन, संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का किया आह्वान**

स्मार्ट हलचल

**निंबाहेड़ा।** राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने गुरुवार प्रातः पेच एरिया परिसर स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अग्रिम संगठनों जैसे जिला कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ, जिला अल्पसंख्यक विभाग, जिला महिला कांग्रेस कमेटी एवं स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ में नव नियुक्त पदाधिकारियों का कांग्रेस पार्टी का उपर्णना ओढ़ाकर आत्मीय अभिनंदन किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अभिनंदन कार्यक्रम से नवनियुक्त पदाधिकारियों में उत्साह एवं संगठनात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना एवं पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कांग्रेस संगठन की विचारधारा, जनसेवा एवं सामाजिक समरसता के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।




इस अवसर पर पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव सामाजिक न्याय, समानता, भाईचारे एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की पक्षधर रही है। पार्टी नेतृत्व द्वारा विभिन्न वर्गों, समाजों एवं युवा कार्यकर्ताओं को संगठन में जिम्मेदारियां देकर कांग्रेस ने एक बार पुनः यह सिद्ध किया है कि कांग्रेस ही वह राजनीतिक विचारधारा है जो हर वर्ग को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की वास्तविक ताकत है तथा प्रत्येक नव नियुक्त पदाधिकारी पार्टी की रीति-नीति एवं जनहितकारी विचारधारा को बूथ स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आंजना ने सभी पदाधिकारियों से आगामी समय में कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जनआधारित बनाने हेतु पूर्ण समर्पण एवं सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया। आंजना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं, वंचित वर्ग, अल्पसंख्यकों, पिछड़े वर्गों एवं समाज के कमजोर वर्गों की आवाज को मजबूती प्रदान की है, साथ ही कांग्रेस से ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गों को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देती आई है। संगठन में नई जिम्मेदारियां मिलने से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हुआ है, जो आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

**ओबीसी प्रकोष्ठ में हुई महत्वपूर्ण नियुक्तियां**

चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी में रमेश धाकड़ (डोरिया) एवं मनोहर जाट (मांगरोल) को जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। वहीं दुर्गाशंकर कुमावत (बिनोता), प्रकाश अहीर (मेलाना) एवं प्रहलाद जाट (रठांजना) को जिला महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला सचिव पद पर बापूलाल गायरी (गादोला), नानालाल डांगी (सतखंडा) एवं खेमराज कालू कुमावत को नियुक्त किया गया।

**अल्पसंख्यक विभाग में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां**

चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग में उपाध्यक्ष पद पर मंसूर अली बोहरा, मोहम्मद इशहार खान एवं मामूर खां मेव (निंबाहेड़ा) को नियुक्त किया गया। महासचिव पद पर डॉ. आसिफ रहमान, एडवोकेट सैयद साजिद अली, रफीक मंसूरी एवं उबैद खान को जिम्मेदारी दी गई। इसी प्रकार प्रवक्ता पद पर जफरुल्लाह खान एवं आजाद गौरी, सचिव पद पर जियाउर्रहमान बक्सी, जुले खान पठान (बिनोता), नासिर मोहम्मद नीलगर (कनेरा) एवं तनवीर मेव तथा संयुक्त सचिव पद पर सुल्तान मंसूरी (मांगरोल) को नियुक्त किया गया। वहीं निंबाहेड़ा ब्लॉक कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष पद पर हाजी शब्बीर गौरी (गादोला) एवं निंबाहेड़ा नगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष पद पर मोहम्मद कुरैशी को नियुक्त किया गया।

**महिला कांग्रेस एवं स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ में भी नई जिम्मेदारियां**

चित्तौड़गढ़ जिला महिला कांग्रेस कार्यकारिणी में जिला सचिव पद पर श्रीमती मुन्नी देवी तेली एवं श्रीमती गायत्री देवी शर्मा को नियुक्त किया गया। इसी प्रकार जिला स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ में रमेश तेली को जिला महासचिव, शांतिलाल लाडना को सचिव एवं राजेश सांड को नगर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी प्रदान की गई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भोपराज टांक, नगर कांग्रेस संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ कोषाध्यक्ष मनोज पारख, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, बाड़ी कांग्रेस मंडल अध्यक्ष जीवन आंजना, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष रोमी पोरवाल, नगर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष शमशू कमर मंसूरी, हरिश्चंद्र शर्मा, बाबू खान मेव, गोपाल टेलर, लोकेश गायरी, इलियास गोरी, कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# एनडीपीएस एक्ट में 5 साल से फरार वांछित पाली से गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर/रायपुर।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ब्यावर जिला पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। रायपुर थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में पिछले 5 वर्षों से फरार चल रहे एक शातिर वांछित अपराधी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था, जिसे पुलिस की विशेष टीम ने पाली स्थित उसकी होटल से दबोच लिया।

**नाकाबंदी में पकड़ी गई थी 58 किलो डोडा पोस्त**

पुलिस अधीक्षक रतन सिंह ने बताया कि मामला 17 जनवरी 2021 का है। तत्कालीन थानाधिकारी मनोज राणा ने जाप्ते के साथ एनएच-162 पर पक्षी धाम के सामने नाकाबंदी की थी। इस दौरान एक काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी ('छ्व 51, 8851) तेज गति से लहराती हुई आई। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया, तो चालक ने गाड़ी मोड़कर भागने का प्रयास किया।

पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए घेराबंदी कर गाड़ी को रुकवाया। तलाशी लेने पर स्कॉर्पियो की पिछली सीट और डिग्गी में तीन कट्टों में भरा 58 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। मौके से पुलिस ने आरोपी चालक अर्जुन सिंह उर्फ जीतसा (निवासी जालौर) और सह-आरोपी रामपाल विश्नोई (निवासी जोधपुर) को गिरफ्तार किया था।

गिरफ्तार तस्करों ने पूछताछ में कुबूल किया था कि उन्होंने यह डोडा पोस्त बुधाराम विश्नोई के कहने पर मध्य प्रदेश के तिलस्वा महादेव के पास स्थित एक गांव से लाया था और वे इसे बुधाराम को ही सप्लाई करने जा रहे थे। इस खुलासे के बाद से ही पुलिस बुधाराम की तलाश में थी, लेकिन वह अपने ठिकाने से फरार हो गया था। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 173(8) के तहत जांच लंबित रखी थी।

**विशेष टीम ने होटल पर दी दबिश**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अनुकृति उज्जैनिया और वृत्ताधिकारी रायपुर के निकट सुपरविजन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने पाली और जोधपुर में डेरा डालकर तकनीकी सहायता और मुखबिरों से इनपुट जुटाया। सटीक सूचना के आधार पर टीम ने जिला पाली में स्थित 'होटल विष्णु गोविन्द' पर दबिश देकर मुख्य आरोपी बुधाराम विश्नोई (36) पुत्र सोनाराम विश्नोई (निवासी भाणिया, शिवपुरा, पाली) को गिरफ्तार कर लिया।

**इस टीम की रही सराहनीय भूमिका**

आरोपी को दबोचने में रायपुर थाने के सहायक उपनिरीक्षक (स्ढ्ढ) मनोहरलाल का विशेष योगदान रहा। उनके साथ इस टीम में आनंदपुर कालू थाने के कांस्टेबल करतारसिंह (401) और सेंदड़ा थाने के कांस्टेबल संजय (1725) शामिल थे। पुलिस अब आरोपी से नेटवर्क को लेकर कड़ी पूछताछ कर रही है।

# 64 करोड़ की लागत से बनने वाले हाई लेवल ब्रिज निर्माण का कार्य आरम्भ



स्मार्ट हलचल| शंभूपुरा

राजस्थान सरकार द्वारा बजट घोषणा 2024-25 में विधानसभा क्षेत्र चित्तौड़गढ़ के कपासन चौराहे से मानपुरा को जोड़ने वाली सड़क पर हाई लेवल ब्रिज निर्माण कार्य कराने की घोषणा की गई थी। इस कार्य का गुरूवार को विधायक चंद्रभान सिंह आक्या व भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी द्वारा भुमि पुजन कर शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर विधायक आक्या ने कहा की कपासन चौराहा शहर के व्यस्ततम मार्गो में से एक है। कपासन चौराहे से बस्सी मार्ग पर जाने वाले वाहनो को शहर का पुरा चक्कर लगाकर जाना पड़ता है। इससे समय अधिक लगता है व शहर में ट्रेफिक का भार भी अधिक पड़ता है। कपासन चौराहे से मानपुरा को जोड़ने वाली सड़क पर हाई लेवल ब्रिज निर्माण की क्षेत्रवासियो द्वारा लम्बे समय से मांग की जा रही थी। इस संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अवगत कराने पर बजट घोषणा 2024-25 में कपासन चौराहे से मानपुरा को जोड़ने वाली सड़क पर हाई लेवल ब्रिज निर्माण कराने की घोषणा करते हुए 63.50 करोड़ की राशी स्वीकृत की गई।

सार्वजनिक निर्माण विभाग चित्तौड़गढ़ के अधिशाषी अभियंता नवीन अग्रवाल ने बताया की इस परियोजना के तहत बेड़च व गंभीरी नदी पर दो हाईलेवल ब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही 2.50 किलोमीटर सड़क का निर्माण भी कराया जाएगा। इस सम्बंध में धारा 19 के तहत भूमि अधीग्रहण का कार्य भी अंतीम चरण में है। इस अवसर पर भाजपा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर कांग्रेसजनों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

स्मार्ट हलचल

**निंबाहेड़ा।** नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरुवार को भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि (बलिदान दिवस) श्रद्धा एवं भावनात्मक वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर प्रातः 9:15 बजे राजीव नगर स्थित कासोद कच्ची बस्ती,टेम्पो चौराहा पर स्थापित स्वर्गीय राजीव गांधी जी की आदमकद प्रतिमा पर राज-स्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान का स्मरण किया।



कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने स्वर्गीय राजीव गांधी जी के आधुनिक भारत के निर्माण,पंचायती राज व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने, सूचना प्रौद्योगिकी एवं युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ाने के उनके ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए उन्हें दूरदर्शी एवं विकासशील सोच का महान नेता बतायाएवं उपस्थित कांग्रेसजनों ने भारत रत्न राजीव गांधी अमर रहे के गगन भेदी नारे लगाएं।

इस अवसर पर पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने देश को 21वीं सदी की सोच से जोड़ते हुए तकनीकी विकास, संचार क्रांति और पंचायती राज व्यवस्था को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव राजीव गांधी जी के विचारों एवं जनसेवा के सिद्धांतों पर चलकर देशहित एवं आमजन के कल्याण के लिए कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी जी का बलिदान देश के लोकतांत्रिक इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा तथा युवाओं, किसानों, मजदूरों एवं कमजोर वर्गों के उत्थान हेतु उनके द्वारा किए गए कार्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल,चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ कोषाध्यक्ष मनोज पारख, नगर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष मोहम्मद कुरैशी, जिला कांग्रेस महासचिव मनोहर सिंह मीणा, कांग्रेस कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष अहमद हुसैन, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष रोमी पोरवाल, आदिवासी नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजू भील, स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष राजेश सांड, सचिव शांतिलाल लाडना,उपाध्यक्ष शमशू कमर मंसूरी, महासचिव जावेद खान,सचिव ब्रह्मलाल उपाध्याय, प्रवक्ता रवि जाजपुरा, कार्यकारिणी सदस्य जहांगीर हुसैन मंसूरी, विष्णुलाल सुथार, पूर्व पार्षद शोभाराम जाट, खेमराज मेघवाल, राधेश्याम मीणा, पार्षद प्रतिनिधि आजाद भाई, बाबरूलाल मीणा, बाबू खान मेव, मोहम्मद हसन शेख, अजीज खान, राजा उस्ताद, आजु खान, रशीद खान,इक़बाल हुसैन नीलगर, ताराचंद मेघवाल, पूरण मेघवाल, हितेश भराडिया, अजीज शाह, उस्मान अली, टीपू खान, दिनेश चंद्र, मांगीलाल एवं कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**जयपुर में भाजपा कार्यालय का घेराव कर नीट पेपर लीक मामले पर किया प्रदर्शन**

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा गांधी भवन में देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान मौन रखकर एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया के नेतृत्व में चित्तौड़गढ़ जिले के कई कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिला महामंत्री अहसान पठान ने बताया कि श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव किया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'धर्मेंद्र प्रधान हटाओ' और 'भाजपा हाय-हाय' जैसे नारे लगाए। पुलिस द्वारा हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को हटाने का प्रयास किया गया तथा फायर ब्रिगेड के पानी का इस्तेमाल भी किया गया, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करते रहे।

प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं अन्य नेताओं ने आरोप लगाया कि नीट-2026 परीक्षा का पेपर लीक होने से देशभर के 22 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार एवं नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को जिम्मेदार ठहराया।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राजस्थान में भी परीक्षा पेपर लीक के मामलों में भाजपा से जुड़े लोगों के नाम सामने आए हैं और सरकार ने मामले को दबाने का प्रयास किया। कांग्रेस ने एनटीए को तत्काल भंग करने, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाई। इस प्रदर्शन में प्रदेशभर से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता जयपुर पहुंचे। चित्तौड़गढ़ जिले से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने रैली और प्रदर्शन में भाग लिया।

# अखिल भारतीय त्रिमेस संस्थान का बड़ा फैसला: 22 जून को सेक्टर-14 की नवीन भूमि पर होगा 10 हजार समाजजनों की उपस्थिति में भव्य 'भूमि पूजन'

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

डूंगरपुर जिले के धंबोला में चल रही भागवत कथा के पंडाल में अखिल भारतीय श्री त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज संस्थान (त्रिमेस) की राष्ट्रीय बैठक कथा व्यास शास्त्री हार्दिक भाई के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। इस बैठक में समाज की एकता और संगठन शक्ति को प्रदर्शित करने हेतु आगामी 22 जून को उदयपुर के सेक्टर-14 स्थित समाज की नवीन भूमि पर भव्य एवं दिव्य भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित करने की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इस ऐतिहासिक आयोजन में देशभर से 10 हजार से अधिक समाजजनों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया है।

संस्थान के संरक्षक पवन कुमार अमरावत ने जानकारी दी कि कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय संयोजक भूपेंद्र पंड्या ने की। बैठक में देशभर से समाज के पदाधिकारी, विभिन्न चौखला प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम




का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। धंबोला इकाई अध्यक्ष दिनेश पण्डया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए समाज की एकता एवं संगठन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

**संगठन और संपत्तियों के संरक्षण पर विस्तृत चर्चा**

राष्ट्रीय महासचिव विनोद पानेरी एवं महेश जोशी ने सामूहिक संचालन किया। बैठक में समाज के संगठन विस्तार, युवा सहभागिता, छात्रावासों के संचालन, समाज की संपत्तियों के संरक्षण तथा आगामी भूमि पूजन कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। ट्रस्ट का सुझाव: हंसमुख पंड्या ने समाज की विभिन्न संपत्तियों को एक ट्रस्ट के अंतर्गत लाकर मजबूत एवं पारदर्शी व्यवस्था तंत्र विकसित करने का सुझाव दिया। छात्रावास संचालन: डूंगरपुर छात्रावास के व्यवस्थापक प्रियाकांत पंड्या ने छात्रावासों के बेहतर संचालन एवं विद्यार्थियों के हितों पर अपने विचार रखे।

**भूमि पूजन को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प**

राष्ट्रीय संयोजक भूपेंद्र पंड्या ने बताया कि 22 जून का यह कार्यक्रम समाज की एकता, संगठन शक्ति एवं सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक बनेगा। उन्होंने भूमि पूजन कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक चौखला एवं इकाई स्तर पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाए जाने की घोषणा की। पारंपरिक निमंत्रण: जनसंपर्क अभियान के तहत प्रत्येक घर तक विशेष पत्रक एवं आमंत्रण पत्र पहुंचाने की योजना बनाई गई है। साथ ही, समाज की पुराणिक एवं पारंपरिक पद्धति के अनुसार लाल-पीले चावल के साथ प्रत्येक परिवार को व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण देने का निर्णय लिया गया है। संगठनात्मक शक्ति प्रदर्शन: बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक परिवार से पुरुष, महिला एवं युवाओं सहित न्यूनतम तीन सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु विशेष संपर्क अभियान चलाया जाएगा। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि यह केवल भूमि पूजन कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज की भावी पीढ़ियों के लिए संगठनात्मक शक्ति प्रदर्शन का अवसर है।

# पेंशनर समाज 25 मई को तहसील मुख्यालयों पर करेगा विरोध प्रदर्शन

स्मार्ट हलचल|चित्तौड़गढ़

आरजीएचएस योजना के तहत पेंशनरों को पिछले कई महीनों से मुफ्त इलाज एवं दवाइयां नहीं मिलने से नाराज राजस्थान पेंशनर समाज ने आंदोलन के दूसरे चरण की घोषणा की है। संगठन द्वारा 25 मई को प्रदेशभर के तहसील एवं उपखण्ड मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। चित्तौड़गढ़ जिले की सभी उपशाखाएं अपने-अपने उपखण्ड स्तर पर प्रदर्शन कर उपखण्ड अधिकारियों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगी। ज्ञापन में प्रमुख रूप से आरजीएचएस योजना को किसी भी स्थिति में बीमा मोड पर नहीं करने, ओपीडी एवं आईपीडी की वर्तमान व्यवस्था में बदलाव नहीं करने, 14 अप्रैल 2026 से योजना पुनः सुचारू होने तक पेंशनरों द्वारा इलाज पर खर्च की गई राशि का पूर्ण पुनर्भरण करने तथा अस्पतालों एवं फार्मा स्टोर्स के बकाया भुगतान की नियमित व्यवस्था लागू करने की मांग की जाएगी। जिलाध्यक्ष दशोरा ने जिले की सभी उपशाखाओं के अध्यक्षों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के सभी पेंशनरों को प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम की सूचना देकर अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए प्रेरित करें।

# ब्यावर में जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण कार्य शुरू



स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जनगणना 2027 कार्यक्रम के तहत ब्यावर जिले में प्रशासनिक तैयारियां और फील्ड वर्क तेज हो गया है। इसी कड़ी में नगर परिषद ब्यावर में चल रहे जनगणना कार्यों का उच्चाधिकारियों द्वारा जमीनी निरीक्षण किया गया। जिला समन्वयक चंदन सिंह एवं उप जिला जनगणना अधिकारी कैलाश चंद्र ने फील्ड में पहुंचकर प्रगणक बालू काठात एवं सुपरवाइजर डॉक्टर पहलाद सिंह द्वारा किए जा रहे डेटा कलेक्शन के काम को देखा। इस दौरान मास्टर ट्रेनर ताराचंद जांगिड़ भी मौजूद रहे, जिन्होंने तकनीकी बारीकियों की जांच की।

अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र का नजरी नक्शा (ले-आउट मैप) तैयार करने का काम पूरा कर लिया गया है। इसके बाद अब प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रगणकों और सुपरवाइजरों को आ रही व्यावहारिक दिक्कतों को सुना और मौके पर ही उनका समाधान किया।

**समय पर और त्रुटिहीन कार्य के निर्देश**

उप जिला जनगणना अधिकारी श्री कैलाश चंद्र ने फील्ड स्टाफ को निर्देशित किया कि जनगणना का कार्य बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील है, इसलिए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। कार्य को पूरी शुद्धता और तय समय सीमा के भीतर सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए गए हैं।

# राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की मजबूत नींव रख देश को नई दिशा दी - डॉ. सोलंकी

**हरीश आंजना स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतरत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 35 वीं पुण्यतिथि पर बलिदान दिवस कार्यक्रम आयोजित**

स्मार्ट हलचल| छोटीसादड़ी

हरीश आंजना स्नाकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को भारतरत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 35 वीं पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। महाविद्यालय परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दीपक मंडेला ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ अकैडमी डायरेक्टर डॉ. जगन्नाथ सोलंकी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं भारतरत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का वातावरण श्रद्धा, प्रेरणा एवं राष्ट्रसेवा की भावना से ओतप्रोत रहा।

इस अवसर पर अकैडमी डायरेक्टर डॉ. जगन्नाथ सोलंकी ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने 21वीं सदी के आधुनिक भारत की नींव रख देश को तकनीकी एवं विकासशील सोच की नई दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति पर विश्वास करते हुए राजीव गांधी ने मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की, जिससे देश के युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर मिला। डॉ. सोलंकी ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाकर राजीव गांधी ने लोकतंत्र को गांव-गांव तक मजबूत किया तथा दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं कम्प्यूटरीकरण के माध्यम से भारत को आधुनिक युग में प्रवेश दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, सामाजिक भागीदारी एवं राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए अनेक दूरदर्शी निर्णय लिए, जिनका लाभ आज भी देश को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से जवाहर नवोदय विद्यालयों की स्थापना जैसी योजनाएं राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच का परिणाम हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दीपक मंडेला ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण को केंद्र में रखकर नई शिक्षा नीति, नई स्वास्थ्य नीति, आवास नीति एवं सिंचाई नीति जैसी अनेक दूरगामी योजनाओं की आधारशिला रखी, जिसने देश के विकास को नई गति प्रदान की। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी का व्यक्तित्व युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर राहुल जोशी, कार्यालय अधीक्षक अजय कुमार यादव, प्रोफेसर भगवानलाल कामड़, नसरीन आरा, सपना बेस, गोविंद रजक, सुनीता रेगर, भैयालाल गायरी, चौथमल मीणा, नितेश सहित महाविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# थाने के पास ही दिन-दहाड़े बाइक चोरी, पुरानी लूट भी अनसुलझी, कानून व्यवस्था पर सवाल

## कस्बे में अपराधियों का आतंक, लूट-चोरी की वारदातो से दहशत ,पुलिस पर उठे गंभीर सवाल

स्मार्ट हलचल

**हरनावदाशाहजी।** कस्बे में लगातार बढ़ रही चोरी, लूट और बाइक चोरी की घटनाओं ने कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है। एक के बाद एक हो रही वारदातों से जहां आमजन में भय का माहौल है, वहीं पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### बुधवार को थाने के पास दिनदहाड़े बाइक चोरी

ताजा मामला बुधवार का है, जहां पीपलखेड़ी निवासी हंसराज लोधा की बाइक छीपाबड़ौद मुख्य



मार्ग से चोरी हो गई। हंसराज लोधा ने बताया कि वे मकान की छत डालने का मजदूरी कार्य कर रहे थे और बाइक मुख्य मार्ग पर नीम के पेड़ के नीचे खड़ी कर रखी थी। कुछ ही देर बाद बाइक गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा, जिसके बाद थाने में रिपोर्ट दी गई। हैरानी की बात यह है कि घटनास्थल पुलिस थाने से महज कुछ दूरी पर स्थित है।

### 24 घंटे बाद भी थानाधिकारी अनजान

घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी थानाधिकारी दीनदयाल वैष्णव ने बाइक चोरी की रिपोर्ट की जानकारी नहीं होने की बात कही, जो पुलिस के उदासीन रवैए को दर्शाता है।

### ढाई लाख की लूट अब तक अनसुलझी

ज्ञातव्य रहे कि कुछ दिन पहले कस्बे के कुशवाह मोहल्ले में 2.5 लाख की लूट की वारदात हुई थी। उस दौरान तीन नकाबपोश बदमाश सीसीटीवी कैमरों में कैद भी हुए थे, लेकिन इसके बावजूद पुलिस अब तक आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। इसी प्रकार कस्बे के मुख्य बाजार में बाइक सवार दो युवक एक किराना दुकान से तेल का टीन लेकर फरार हो गए थे। यह वारदात भी खुलेआम हुई, लेकिन पुलिस कार्रवाई नदारद रही। कस्बे में बाइक और मोबाइल चोरी की अनगिनत घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई मामलों में पुलिस मौके पर जाना तो दूर, रिपोर्ट तक दर्ज नहीं करती। जिसके कारण अब फरियादी थाने तक भी नही पहुंचते है।

### जनता में आक्रोश, सुरक्षा पर बड़ा सवाल

लगातार हो रही वारदातों और कार्रवाई के अभाव से लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जब थाना क्षेत्र और मुख्य मार्ग भी सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिक खुद को कैसे सुरक्षित महसूस करे।

कस्बे में अपराधियों के बढ़ते हौसले और पुलिस की सुस्ती अब आमजन के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है।अगर जल्द सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

# राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा।** शाहपुरा-भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्य तिथि पर ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा सांगरिया कांग्रेस कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम शाहपुरा-बनेड़ा विधानसभा कांग्रेस विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रैगर के नेतृत्व में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रैगर ने राजीव गांधी के देश के विकास, आधुनिक भारत के निर्माण, सूचना क्रांति एवं युवाओं को नई दिशा देने में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश को 21वीं सदी की सोच से जोड़ने का कार्य किया। कार्यक्रम में शाहपुरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महावीर कुमावत, बनेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष नारायण गाडरी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सेन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए राजीव गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में फुलिया मंडल अध्यक्ष प्रधान चाड़ा, देवरिया मण्डल अध्यक्ष सवार लाल कुमावत, प्रदेश सचिव चिकित्सा प्रकोष्ठ अतुल त्रिपाठी, भीलवाड़ा ग्रामीण कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष लादू लाल खटीक, सुनील मिश्रा, ओम सिंधी, बसंती लाल रैगर, अभीषेक चौधरी, आनंद तिवारी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महंगाई और पेपर लीक के विरोध में एनएसयूआई का अनूठा प्रदर्शन

## 'मेलोडी' टॉफी बांटकर जताया रोष, एनटीए भंग करने की उठाई मांग; केंद्रीय शिक्षा मंत्री की निकाली प्रतीकात्मक शवयात्रा

स्मार्ट हलचल|कोटा

बढ़ती महंगाई, व्यापक बेरोजगारी और लगातार उजागर हो रहे पेपर लीक प्रकरणों के विरोध में नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने गवर्मेंटर कॉलेज कोटा में अनूठे अंदाज में अपना आक्रोश व्यक्त किया। एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रिद्धम शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आमजन के बीच 'मेलोडी' टॉफियां वितरित कर केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया।

प्रदर्शनकारियों ने इस प्रतीकात्मक विरोध के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया कि जब देश का युवा रोजगार और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली की प्रतीक्षा में है, तब प्रधानमंत्री विदेश दौरों पर टॉफियां वितरित करने में व्यस्त हैं।

गवर्नमेंट कॉलेज कोटा रोड स्थित मुख्य द्वार पर एनएसयूआई



कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली और 'राम नाम सत्य है' के नारों के साथ मौजूदा परीक्षा व्यवस्था के प्रति अपना गहरा असंतोष प्रकट किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को तत्काल भंग करने तथा पेपर लीक मामलों के दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग जोरशोर से उठाई।

### 23 लाख छात्रों के भविष्य पर संकट

एनएसयूआई प्रदेश सचिव रिद्धम शर्मा ने कहा, 'देश के 23 लाख से अधिक विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। लाखों छात्र वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद भी भर्ती और परीक्षा प्रक्रियाओं में व्याप्त अनियमितताओं के चलते अपने सपनों को टूटते देख रहे हैं। परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पूरी तरह संदिग्ध हो चुकी है।'

उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह युवाओं की पीड़ा के प्रति पूर्णतः उदासीन है और जनता को रोजगार, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया तथा महंगाई से राहत की दरकार है, जबकि सरकार इन बुनियादी मुद्दों की अनदेखी कर रही है।

टॉफी वितरण के इस प्रतीकात्मक कार्यक्रम के माध्यम से एनएसयूआई ने नागरिकों को जागरूक करने का प्रयास किया और युवाओं के हितों की रक्षा के लिए सरकार से प्रभावी कदम उठाने की मांग को दोहराया। प्रदर्शन में एनएसयूआई लाड़पुरा ब्लॉक अध्यक्ष रोहित मेघवाल, जिला सचिव रोहित कुमार भील, इटावा ब्लॉक अध्यक्ष अनिल पंकज, अमन पंकज, आशीष वर्मा, भावना महावर, चित्रांशी सुमन, सलोनी, प्रिंस मोदी,बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# भवानी मंडी पुलिस की मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई तीन युवक 16 ग्राम स्नेक तथा 198 ग्राम संदिग्ध पदार्थ के साथ गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल







**भवानी मंडी।** भवानी मंडी पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को 16 ग्राम स्मैक तथा 198 ग्राम संदिग्ध पदार्थ सहित गिरफतार कर उनके पास से एक मोटरसाइकिल भी जप्त की।

जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध जिला स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है रहा है अभियान में अधिक से अधिक प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जिले के सभी थानाधिकारियों को थाना स्तर पर टीम गठित कर आपराधियों की धरपकड़ हेतु निर्देशित किया गया था जिसके अन्तर्गत पुलिस थाना भवानीमंडी टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्यवाही करते हुये चार मुलजिमानों को गिरफ्तार कर मुलजिमानों के कब्जे से 16 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक व 198 ग्राम अवैध संदिग्ध पदार्थ जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

घटना विवरणः- 20 मई को प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना भवानीमंडी मय जाप्ता द्वारा अवैध कार्यो की चैकिंग व रोकथाम हेतु दौरेते गस्त आम रोड़ चौकी पिपलिया के सामने मौजा पिपलिया से तीन व्यक्ति महावीर, राहुल व राकेश को दो मोटरसाइकिलों सहित डिटेन कर डिटेनशुदा व्यक्तियों की तलाशी लेने पर कुल 16 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक व 198 ग्राम अवैध संदिग्ध पदार्थ जप्त कर महावीर, राहुल व राकेश को गिरफ्तार किया जाकर तस्करी के परिवहन में प्रयुक्त वाहन दो मोटरसाइकिलों को जप्त किया जाकर उक्त तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया।

कार्यवाही पुलिसः- जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार व भागचन्द मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड़ के निर्देशन एवं मनोज कुमार आरपीएस वृत भवानीमंडी के निकटतम सुपरविजन में श्री प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना भवानीमंडी के नेतृत्व में थाना हाजा पर विशेष टीम का गठन किया गया गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं मुखबिरान की सूचना पर दौराने गस्त आम रोड पुलिस चौकी पिपलिया के सामने मौजा पिपलिया से तीन व्यक्ति महावीर, राहुल व राकेश को दो मोटरसाइकिलों सहित डिटेन कर डिटेनशुदा व्यक्तियों की तलाशी लेने पर कुल 16 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक व 198 ग्राम अवैध संदिग्ध पदार्थ जप्त कर महावीर, राहुल व राकेश को गिरफ्तार किया जाकर तस्करी के परिवहन में प्रयुक्त वाहन दो मोटरसाइकिलों को जप्त किया गया।

01. महावीर मीणा पुत्र श्री रामविलास मीणा जाति मीणा उम्र-25 साल निवासी गुदरावणी पुलिस थाना मांगरोल जिला बारां (राज.)

02. राहुल मेवाड़ा पुत्र श्री प्रभुलाल मेवाड़ा जाति मेवाड़ा (माली) उम्र-22 साल निवासी चाचोरनी पुलिस थाना कामखेड़ा जिला-झालावाड़ (राज.)

03. राकेश कुमार मीणा पुत्र श्री गजानन्द मीणा जाति मीणा उम्र-28 साल निवासी माताजी के मंदिर के पास सैकुड़ माजरा झामरिया पुलिस थाना सारथल जिला बारां (राज.)

# मेज नदी में युवक की डूबने से मौत, घर में मचा कोहराम



स्मार्ट हलचल|लाखेरी

कस्बे में गुरुवार को मेज नदी में एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां नहाने गए किशोरों में से एक बालक नदी के गहरे पानी में डूब गया, और एक युवक को बचा लिया। घटना की सूचना मिलते ही लाखेरी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बालक की तलाश शुरू करवाई गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई तथा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाष नगर क्षेत्र के पांच किशोर मेज नदी में नहाने के लिए गए थे। गर्मी के चलते सभी किशोर नदी में उतरकर नहाने लगे। इसी दौरान दो किशोर अचानक गहरे पानी की ओर चले गए और डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और एक बालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन दूसरा किशोर पानी के तेज बहाव और गहराई में लापता हो गया।

डूबने वाले बालक की पहचान सुभाष नगर निवासी विशाल रेगर के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं स्थानीय लोग और पुलिसकर्मी लगातार नदी में बालक की तलाश में जुटे हुए हैं।

सूचना पर लाखेरी पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों की सहायता से सर्च अभियान शुरू करवाया। नदी के गहरे हिस्सों में तलाश की जा रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा स्थानीय गोताखोरों की भी मदद ली जा रही है ताकि जल्द से जल्द बालक का पता लगाया जा सके।

घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। बड़ी संख्या में लोग नदी किनारे एकत्रित हो गए और बचाव कार्य में सहयोग कर रहे हैं।

# हिंगलाज माता मंदिर बूंदी में 24 मई को एक दिवसीय ज्योतिष सेमिनार का आयोजन

स्मार्ट हलचल| बूंदी

शहर के बाल चंद पाड़ा नवसागर पार्क क्षेत्र में बाईपास रोड पर स्थित हिंगलाज माता मंदिर पर 24 मई रविवार को एकदिवसीय ज्योतिष सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। सालवी समाज के अध्यक्ष राजकुमार राठौड़ ने बताया कि इस



एक दिवसीय सेमिनार में प्रदेश के प्रसिद्ध एस्ट्रोलाजर विनोद कानूनगो जयपुर से पधार रहे हैं ओर साथ में आ रहे हैं रमल स्पेशलिस्ट नरेंद्र संतानी, ज्योतिष आचार्य डाक्टर सुजाता कुकरेजा, हस्तरेखाविज्ञ विष्णु कांत शर्मा। बूंदी पहुंचने पर इनका सालवी समाज की ओर से स्वागत किया जायगा। इच्छुक व्यक्ति अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम रविवार को हिंगलाज माता मंदिर परिसर में सुबह 10 से शाम 5:00 बजे तक होगा। आप अपनी जन्मपत्री हस्तरेखा रमल दिखा सकते हैं जो पूर्णता निशुल्क है इच्छुक व्यक्ति रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए हिंगलाज माता मंदिर में प्रवीण कुमार सैनी 8890045911 , ओमप्रकाश खत्री 94141 75346 से संपर्क करे अपना नाम और फोन नंबर कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

# धुंधलेश्वर महादेव कुंड क्षतिग्रस्त, स्नान करना मुश्किल, दुर्घटना का भय

स्मार्ट हलचल|बूंदी

जिले में नैनवां तहसील के प्रसिद्ध धुंधलेश्वर महादेव पर्यटन स्थल तलवास में इस वर्षाकाल में पर्यटक और श्रद्धालु केवल प्राकृतिक झरने का ही आनंद ले सकेंगे। पिछले साल हुई अतिवृष्टि से कुंडों की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं और कुंडों में पत्थर व मलबा भर गया है। मरम्मत कार्य अब तक न होने से स्नान की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकेगी तथा दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहेगी। यदि समय रहते कुंडों में भरे पत्थर नहीं निकाले गए तो वर्षाकाल में यहां आने वाले लोगों के लिए दुर्घटना का खतरा बना रहेगा। समस्त वर्षाकाल में एवं श्रावण मास में यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, लेकिन इस बार कुंडों में स्नान संभव न होने से सारी भीड़ झरने के पास ही केंद्रित रहेगी, जहां जगह कम होने से हादसे की आशंका बढ़ सकती है।

मूलचंद शर्मा ने कहा कि 'कश्मीर' के नाम से पहचाने जाने वाले तलवास पर्यटन स्थल के कुंडों की मरम्मत पर अधिक राशि की आवश्यकता नहीं



है। बावजूद इसके आपदा, विकास, पर्यटन और वन विभाग में से किसी ने भी अब तक सक्रियता नहीं दिखाई है।

इस अतिवृष्टि से रतन सागर झील की पाल भी क्षतिग्रस्त हुई है। पानी के कटाव से पाल की पक्की दीवार टूट गई और मिट्टी बह गई, जिससे निचले गांवों के लोगों में बाढ़ का भय बना हुआ है। सुरक्षा दीवार निर्माण के लिए तलवास ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद मद से 50 लाख रुपये की स्वीकृति जारी की गई है। पंचायत समिति नैनवां द्वारा शीघ्र कार्यादेश जारी कर निर्माण कार्य शुरू कराने की जरूरत है।

रतन सागर झील के सौंदर्यीकरण के लिए लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला की अनुशंसा पर जिला परिषद ने 50 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्यों का तखमीना तैयार कर जिला परिषद को स्वीकृति हेतु भेजा जा चुका है। जिला परिषद से अभी स्वीकृति जारी नहीं हुई है।

शर्मा ने जिला कलक्टर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद और खंड विकास अधिकारी से पत्राचार कर रतन सागर झील पर सौंदर्यीकरण और सुरक्षा दीवार का कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की है। उन्होंने धुंधलेश्वर महादेव पर कुंडों की सफाई और मरम्मत के लिए भी प्रशासनिक स्तर पर तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है, ताकि पर्यटन स्थल अपने मूल स्वरूप में लौट सके।

# 19625/19626 अजमेर-बांद्रा टर्मिनस-अजमेर साप्ताहिक एक्सप्रेस का नियमित संचालन प्रारंभ

स्मार्ट हलचल| कोटा

गाड़ी कोटा मंडल के सवाई माधोपुर जंक्शन, कोटा जंक्शन, रामगंज मंडी, भवानी मंडी एवं विक्रमगढ़ आलोट स्टेशनों से होकर गुजरेगी

यात्रियों की सुविधा एवं बढ़ती यातायात माँग को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा पूर्व में संचालित विशेष गाड़ी संख्या 09621/22 को नियमित करते हुए अजमेर-बांद्रा टर्मिनस-अजमेर के मध्य साप्ताहिक एक्सप्रेस गाड़ी का स्थायी संचालन प्रारंभ किया जा रहा है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 19625 (अजमेर-बांद्रा टर्मिनस) दिनांक 24.05.2026 से प्रत्येक रविवार को अजमेर से 06.35 बजे प्रस्थान कर उसी दिन सवाई माधोपुर जंक्शन 11.10 बजे, कोटा जंक्शन 12.50 बजे, रामगंज मंडी 13.48 बजे, भवानी मंडी 14.08 बजे, विक्रमगढ़ आलोट 15.23 बजे होते हुए अगले दिन सुबह 04.20 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19626 (बांद्रा टर्मिनस-अजमेर) दिनांक 25.05.2026 से प्रत्येक सोमवार को बांद्रा टर्मिनस से 08.35 बजे प्रस्थान कर उसी दिन विक्रमगढ़ आलोट 22.23 बजे, भवानी मंडी 23.23 बजे, रामगंज मंडी 23.48 बजे तथा अगले दिन मंगलवार को रात्रि कोटा जंक्शन 00.55 बजे, सवाई माधोपुर जंक्शन 03.25 बजे होते हुए 09.00 बजे अजमेर पहुँचेगी।

यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, सवाई माधोपुर, कोटा , रामगंज मंडी, भवानी मंडी, विक्रमगढ़ आलोट, रतलाम, वडोदरा जंक्शन, सूरत, वलसाड, वापी, बोरिवली तथा बांद्रा टर्मिनस स्टेशनों पर ठहराव लेगी।

इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकॉनॉमी, 08 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी सहित कुल 18 डिब्बे होंगे।

# पूर्व प्रधानमंत्री गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने की श्रद्धांजलि सभा




स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** ब्लाक एवं नगर कांग्रेस कमेटी भवानी मंडी द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की 35 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कि गई।

ब्लाक कांग्रेस संगठन मंत्री कालु लाल सालेचा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मोन रखकर और राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगठन मंत्री कालु लाल सालेचा एवं सेवादल ब्लाक अध्यक्ष आंनद काला ने रजीव गांधी के जीवन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वह कम समय में ही प्रधानमंत्री बन गए थे और युवाओं के प्रेरणास्रोत रहे उन्हें संचार क्रांति का जनक कहा जाता है।

इस अवसर पर सभा में संगठन मंत्री कालु लाल सालेचा, सेवादल प्रदेश सचिव अखूतर अली, ब्लाक अध्यक्ष सेवादल आंनद काला, पूर्व पार्षद हखिम ख़ान, राजेश कुमार बैरवा, मदरसा बोर्ड चेयरमैन मोहम्मद सलीम खान, नगर प्रवक्ता मान सिंह जुझारू,वरिष्ठ कांग्रेस नेता कैलाश भारती, गोपाल जजावरा,एस सी प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष अरूण तंवर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पीरु लाल मेघवाल,सेवादल नगर अध्यक्ष राकेश चांवला,यंग ब्रिगेड सचिव प्रबल जैन,एस सी प्रकोष्ठ जिला महासचिव कुशाल सोलंकी,नगर सचिव रईस मंसूरी, सेवादल नगर उपाध्यक्ष शीतल जैन आदि उपस्थित रहे।

# ऑटो चलाने वालों से रुपये की मांग कर मारपीट करने वाले आरोपी हिस्ट्रीशीटर बाबू उर्फ रूस्तम को थाना भवानीमंडी पुलिस ने किया गिरफ्तार

## आरोपी हिस्ट्रीशीटर बाबू उर्फ रूस्तम के विरुद्ध पुलिस थाना भवानीमंडी पर गम्भीर धाराओं में 13 प्रकरण पंजीबद्ध

स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** भवानी मंडी पुलिस ने ऑटो चालकों से रुपए की मांग कर मारपीट करने के आरोपी भवानी मंडी थाने के ए क्लास के हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि ऑटो रिक्शा चलाने वालों से रुपये की मांग करने वाले व रुपये की मांग को लेकर ऑटो चालक के साथ मारपीट करने के सम्बन्ध में थाना भवानीमण्डी पर दर्ज प्रकरण में मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर बाबू उर्फ रूस्तम मोहम्मद पुत्र श्री सिराज मोहम्मद जाति मुसलमान निवासी कसाई मोहल्ला वार्ड नम्बर-17, भवानीमण्डी पुलिस थाना भवानीमण्डी को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है।

घटना विवरणः- दिनांक 19 मई को प्रार्थी मोहसीन अली पुत्र मो0नुद्दीन जाति मुसलमान उम्र 26 साल निवासी वुसुधरा विहार कॉलोनी भवानीमण्डी थाना भवानीमण्डी जिला झालावाड़ (राज.) ने उपस्थित थाना होकर एक प्रार्थना पत्र इस आशय का पेश किया कि मैं कस्बा भवानीमण्डी वुसुधरा विहार कॉलोनी में रहता हूँ। मेरे परिवार का पालन पोषण करने के लिए मेरे पास एक ऑटो रिक्शा है तथा ऑटो रिक्शा चलाकर मैं मेरा जीवन यापन करता हूँ। भवानीमण्डी टगर चौराहा वाला बाबू उर्फ रूस्तम पिता सिराज मोहम्मद भी भवानीमण्डी में ऑटो



चलाता है तथा मुझे व दूसरे ऑटो रिक्शा चलाने वालों से आये दिन रुपये की मांग करता है तथा मैं और दूसरे ऑटो रिक्शा वाले बाबू उर्फ रूस्तम को रुपये नहीं देते है तो हमारा ऑटो रिक्शा नहीं चलने देता है आज सुबह करीबन 10-11 बजे कि बात है मैं मेरा ऑटो रिक्शा लेकर भवानीमण्डी रेल्वे स्टेशन पर गया जहाँ पर मुझे बाबू उर्फ रूस्तम पिता सिराज मोहम्मद व उसके दोनों लड़के जिशान व ताहिर तथा मीनू पिता अब्दुल सलाम जाति मुसलमान निवासी पचपहाड़, वासु पिता वहीद जाति मुसलमान निवासी मेघोटामंडी रम्पी, शकील उर्फ शक्कू पिता अकली बेग जाति मुसलमान निवासी दरगाह मोहल्ला वाले मिले तथा मेरे से कहा कि भवानीमण्डी में ऑटो रिक्शा चलाना है तो हमें खर्चा का रुपये देने पड़ेंगे मैंने कहा कि मेरे पास रुपये नहीं है तो इन सभी ने मेरे से रुपये कि मांग कर मेरे साथ बाबू उर्फ रूस्तम तथा सभी ने लातो घुसो, थप्पडो से व बेल्टो से मारपीट की इत्यादि पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार व भागचंद मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड़ के निर्देशन एवं मनोज कुमार सोनी आरपीएस वृताधिकारी वृत भवानीमंडी के निकटतम सुपरविजन में प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी थाना भवानीमंडी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा प्रकरण के मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर बाबू उर्फ रूस्तम मोहम्मद पुत्र श्री सिराज मोहम्मद जाति मुसलमान निवासी कसाई मोहल्ला वार्ड नम्बर-17, भवानीमण्डी पुलिस थाना भवानीमण्डी जिला-झालावाड़ (राज.) को दिनांक 20 मई को गिरफ्तार कर सफलता अर्जित की है। तरीका वारदातः- हिस्ट्रीशीटर बाबू उर्फ रूस्तम मोहम्मद पुत्र श्री सिराज मोहम्मद जाति मुसलमान निवासी कसाई मोहल्ला वार्ड नम्बर-17, भवानीमण्डी पुलिस थाना भवानीमण्डी जिला-झालावाड़ (राज.) ऑटो चलाता है जो ऑटो चालकों को ऑटो चलाने के लिए रुपये की मांग कर अवैध वसूली करता है ऑटो चालकों द्वारा रुपये नहीं देने पर उनके साथ मारपीट करता है। गिरफ्तार आरोपी :- हिस्ट्रीशीटर बाबू उर्फ रूस्तम मोहम्मद पुत्र श्री सिराज मोहम्मद जाति मुसलमान निवासी कसाई मोहल्ला वार्ड नम्बर-17, भवानीमण्डी पुलिस थाना भवानीमण्डी जिला-झालावाड़ (राज.)

# छह बेटियों के सिर से उठा पिता का साया, गांव में पसरा मातम और दर्द

## महवा विधायक राजेन्द्र मीणा ने शोकसभा में पहुंचकर बंधाया ढांढस, अधिकारियों को दिए सहायता के निर्देश

### 'जिस घर का कमाने वाला चला जाए, वहां चूल्हा भी आंसुओं से जलता है...' — ग्रामीणों की नम आंखों से छलका दर्द

स्मार्ट हलचल

**मंडावर।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम भण्डपुरा (गढ़ हिम्मतसिंह) में हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को गहरे सदमे में डाल दिया है। हादसे में पूर्ण सैनी की असमय मौत के बाद गांव का माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। जिस घर में कभी खुशियों की आवाजें गूंजती थीं, वहां अब मातम, चीख-पुकार और सन्नाटा पसरा हुआ है। हादसे ने केवल एक व्यक्ति की जान नहीं ली, बल्कि छह मासूम बेटियों के सिर से पिता का साया भी छीन लिया।

ग्रामीणों के अनुसार पूर्ण सैनी मेहनतकश और जिम्मेदार व्यक्ति थे, जो अपने परिवार का एकमात्र सहारा थे। परिवार की रोजी-रोटी से लेकर बच्चों की पढ़ाई और घर की हर जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। लेकिन अचानक हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को असहाय बना दिया। आज परिवार के सामने सबसे बड़ा संकट बेटियों के भविष्य, शिक्षा और जीवन-यापन का खड़ा हो गया है।

हादसे की खबर फैलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गांव के लोग बड़ी संख्या में मृतक के घर पहुंचे। महिलाएं बिलखती नजर आईं तो बुजुर्गों की आंखें भी नम हो गईं। हर कोई यही कहता दिखाई दिया कि यह हादसा परिवार के लिए ऐसी पीड़ा छोड़ गया है जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती।

ग्रामीणों ने भावुक शब्दों में कहा कि जब किसी गरीब परिवार का कमाने वाला सदस्य दुनिया छोड़ देता है तो केवल एक व्यक्ति नहीं जाता, बल्कि पूरे घर की उम्मीदें टूट जाती हैं। छह बेटियों के पिता की अचानक मौत ने गांव के लोगों को भीतर तक झकझोर दिया है।



इसी बीच क्षेत्रीय विधायक शोकसभा में पहुंचे और दिवंगत पूर्ण सैनी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया। विधायक ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में सरकार और समाज दोनों पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं।

विधायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवार को तुरंत सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए और हर संभव आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा और भविष्य किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं होना चाहिए। सरकार की ओर से जो भी सहायता संभव होगी, वह प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश में परिवार का मुखिया केवल कमाने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि पूरे परिवार की ताकत और उम्मीद होता है। ऐसे में अचानक उसकी मृत्यु परिवार को पूरी तरह तोड़ देती है।

महवा विधायक राजेन्द्र मीणा ने भरोसा दिलाया कि प्रशासनिक स्तर पर हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे ताकि परिवार को राहत मिल सके।

शोकसभा के दौरान माहौल बेहद भावुक दिखाई दिया। परिजन बार-बार रो पड़ते और वहां मौजूद लोग उन्हें संभालते नजर आए। गांव की महिलाओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की, वहीं ग्रामीणों ने परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति देने की कामना की।

इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन हो रहे सड़क हादसे कई परिवारों की खुशियां उजाड़ रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और हादसों पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

भण्डपुरा गांव में फिलहाल हर गली और हर चौपाल पर केवल इसी हादसे की चर्चा हो रही है। गांव के लोग आज भी उस दर्दनाक पल को याद कर भावुक हो उठते हैं। पूर्ण सैनी की कमी शायद कभी पूरी नहीं हो पाएगी, लेकिन गांव के लोग परिवार को हरसंभव सहारा देने की बात कह रहे हैं।

# राशन वितरण में गड़बड़ी पर उचित मूल्य दुकान का लाइसेंस निलंबित

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** ब्यावर सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने और आमजन को उनके हक का राशन सुचारु रूप से दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपना लिया है। ब्यावर शहर के नरसिंहपुरा क्षेत्र में राशन वितरण में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर जिला रसद विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक उचित मूल्य दुकान का प्राधिकार पत्र (लाइसेंस) तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### जांच में खुली पोल, लाइसेंस सस्पेंड

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, प्रवर्तन अधिकारी श्री सोहन सिंह चौहान ने नरसिंहपुरा स्थित दुकान कोड संख्या 23767 के संचालक श्री मनीष अग्रवाल की दुकान का औचक निरीक्षण और जांच की थी। जांच रिपोर्ट में सामने आया कि संचालक द्वारा राशन सामग्री के वितरण और रिकॉर्ड संधारण में गंभीर लापरवाही और अनियमितताएं बरती जा रही थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने बिना देरी किए दुकान के लाइसेंस को सस्पेंड करने के आदेश जारी कर दिए।

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए होगी वैकल्पिक व्यवस्था

दुकान निलंबित होने के बाद इस क्षेत्र के राशन कार्डधारियों को परेशानी न हो, इसके लिए विभाग जल्द ही इस दुकान को नजदीकी उचित मूल्य दुकान से संबद्ध (टैग) करेगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह के औचक निरीक्षण और सख्त कार्रवाइयां आगे भी निरंतर जारी रहेंगी।

### अधिकारियों का कड़ा संदेश

'आमजन के हक के खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कालाबाजारी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपभोक्ताओं को उनका पूरा राशन मिले, इसके लिए विभाग लगातार निगरानी रख रहा है। यदि भविष्य में भी किसी डीलर के खिलाफ शिकायत सही पाई गई, तो इससे भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।'

**श्री अब्दुल सादिक, जिला रसद अधिकारी, ब्यावर**

# बिजयनगर: अपना घर आश्रम के 32 प्रभुजनों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



स्मार्ट हलचल

स्थानीय मानव सेवा 'अपना घर आश्रम' में वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. अनिरुद्ध भार्गव (अमृतकौर हॉस्पिटल) द्वारा 32 प्रभुजनों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस शिविर में मंदबुद्धि, अस्वस्थ, निराश्रित और सड़क आदि स्थानों से रेस्क्यू किए गए बेसहारा लोगों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श व उपचार दिया गया। चिकित्सालय, बिजयनगर के नर्सिंग स्टाफ लक्ष्मीकांत वैष्णव और रहमान मंसूरी ने शिविर में विशेष सहयोग देते हुए प्रभुजनों के ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन और शरीर के तापमान की बारीकी से जांच की। इस पुनीत सेवा कार्य में आश्रम के सेवासाथी पवन, चिराग और विजय ने भी अपना सक्रिय योगदान दिया।

डॉ. भार्गव ने आश्रम की बेहतर व्यवस्थाओं और प्रभुजनों की समर्पित देखभाल की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने बताया किः नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और निरंतर निगरानी से इन बेसहारा लोगों के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार सुनिश्चित किया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ब्यावर के निर्देशानुसार डॉ. भार्गव हर महीने आश्रम में अपनी नियमित सेवाएं दे रहे हैं, जिससे प्रभुजनों को लगातार चिकित्सा सुविधा मिल पा रही है।

स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन पर आश्रम के अध्यक्ष मधुसूदन कानोडिया, आजीवन सदस्य कार्तिकेय शर्मा और केयरटेकर विजय गुप्ता ने जिला प्रशासन, चिकित्सक दल और सभी सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# संसदीय क्षेत्र के किशनगढ़ और विजयनगर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार की माँग को

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा स्थानीय अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने अजमेर संसदीय क्षेत्र के विजयनगर एवं किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार और विभिन्न विकास कार्यों की मांग को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री को विस्तृत पत्र लिखा है। चौधरी ने अपने पत्र में कहा कि अजमेर संसदीय क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं आमजन का आवागमन रहता है, ऐसे में यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है।



केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद भागीरथ चौधरी ने विजयनगर रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हुए विकास कार्यों के साथ जीआरपी पुलिस चौकी स्वीकृत करने, स्टेशन परिसर में मीठे पेयजल की समुचित उपलब्धता हेतु बीसलपुर योजना से जोड़ने तथा सम्पूर्ण स्टेशन परिसर की चारदीवारी निर्माण के लिए आवश्यक बजट स्वीकृत करने की मांग रखी है। चौधरी ने किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों की सुविधा के लिए बैंक एटीएम बूथ स्थापित करने, प्लेटफॉर्म संख्या 1 एवं 2 पर दिव्यांगजन, महिलाओं एवं आम यात्रियों हेतु पक्के शौचालयों का निर्माण करवाने तथा कोरोना काल से पूर्व की भांति मैकेनाइज्ड सफाई व्यवस्था पुनः प्रारम्भ करने की मांग की गई है।

उन्होंने लिखा कि किशनगढ़ रेलवे स्टेशन के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग-48, एयरपोर्ट मार्ग तथा शहर की ओर से स्टेशन जाने वाले मुख्य मार्गों पर भव्य प्रवेश द्वार निर्माण एवं बड़े दिशा सूचक बोर्ड/होर्डिंग लगवाने का भी आग्रह किया है, जिससे बाहर से आने वाले यात्रियों को स्टेशन तक पहुंचने में सुविधा मिल सके।

इसके अतिरिक्त उन्होंने किशनगढ़-अजमेर के पुराने रेलवे स्टेशन परिसर में उपनगरीय रेलवे स्टेशन विकसित करने, उपलब्ध खाली भूमि पर मॉल निर्माण एवं अतिरिक्त आरक्षण केंद्र शुरू करने संबंधी महत्वपूर्ण योजना को भी रेलवे बोर्ड स्तर पर क्रियान्वित करने का आग्रह किया है। वहीं केकड़ी क्षेत्र के नागरिकों की मांग को ध्यान में रखते हुए रेलवे लाइन आने तक पोस्ट ऑफिस अथवा अन्य संसाधनों के माध्यम से रेलवे आरक्षण सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग भी रेल मंत्री के समक्ष रखी गई है।स्थानीय अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने रेल मंत्री से जनहित में सभी प्रस्तावों पर शीघ्र विभागीय स्वीकृति जारी करवाकर अजमेर संसदीय क्षेत्र के नागरिकों, व्यापारियों, उद्यमियों एवं रेल यात्रियों को लाभान्वित करने का आग्रह किया है।

# सिल्ट डेम में फंसी हजारों मछलियों (जलजीवों) का जीवन संकटमय



स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** पवित्र पुष्कर सरोवर के पीछे बरसाती जल के साथ बहकर आने वाली मिट्टी कचरा खाद को ट्रेस करने के लिए बनाए गए सिल्ट डेम में इन दिनों मामूली जल ही बचा है जिसमें हजारों की संख्या में मछलियां भी फंसी रह गई है। इस भीषण गर्मी में ज्यों ज्यों जल स्तर कम होता जा रहा है शिकारी कुत्ते मछलियों को अपना शिकार बना रहे है।

यह बात सामाजिक कार्यकर्ता अरूण पाराशर ने नगर परिषद के प्रशासन पत्र लिखकर कहा कि सिल्ट डेम में मामूली पानी बचा है ।समय रहते स्थानीय प्रशासन को जमा पानी को मुख्य सरोवर में एक लेवल में नाला बनाकर डाल देना चाहिए । जिससे नाले के माध्यम से जिंदा मछलियां भी मुख्य सरोवर में आ जायेगी तो इन्हें बेमौत मरने से बचाया जा सकता है।

पाराशर ने माँग की है कि इस कार्य प्राथमिकता से करवाया जाना जल जीवों की प्राण रक्षा के लिए अति आवश्यक है।तथा छोटी पुलिया के नीचे बने इनलेट में जमा मिट्टी व कचरे की सफाई भी करवाई जाए।

# नीट पेपर लीक के खिलाफ जयपुर में ब्यावर कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन, भाजपा मुख्यालय घेरा

## पीसीसी चीफ डोटासरा और जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी के नेतृत्व में उमड़ा सैकड़ों कार्यकर्ताओं का सैलाब; छात्रों को न्याय मिलने तक आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** नीट-2026 पेपर लीक मामले को लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर गुरुवार को जयपुर में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया गया। ब्यावर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष किशोर चौधरी के नेतृत्व में ब्यावर जिले से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जयपुर कूच कर भाजपा मुख्यालय के महा-घेराव में अपनी ताकत दिखाई।

जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय (इंदिरा गांधी भवन) से



भाजपा प्रदेश कार्यालय तक निकाली गई विशाल रैली का नेतृत्व करते हुए पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने केंद्र व राज्य सरकार पर तीखे प्रहार किए। डोटासरा ने कहा कि साल 2024 में ही जननेता राहुल गांधी ने संसद में नीट पेपर चोरी और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ का मुद्दा उठाया था, लेकिन अहंकार में डूबी भाजपा सरकार ने इस पर चर्चा नहीं कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि इस धांधली में सरकार में बैठे लोग शामिल हैं और कांग्रेस इनका इस्तीफा लेकर ही दम लेगी।

घेराव प्रदर्शन के दौरान ब्यावर जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी ने हुंकार भरते हुए कहा कि देश के 22 लाख छात्रों के भविष्य के साथ हुआ यह खिलवाड़ कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। भाजपा के राज में लगातार पेपर लीक हो रहे हैं। ब्यावर कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी और जब तक पीड़ित छात्रों को न्याय नहीं मिलता, सड़कों पर उग्र आंदोलन जारी रहेगा। इस प्रदर्शन में ब्यावर ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा, खनिज प्रकोष्ठ के आशीषपाल पदावत, जिला संगठन महासचिव राजेश देवड़ा, अजमत काठात, महेंद्र सिंह चौहान सहित ब्यावर, जवाजा, जैतारण और विजयनगर के सैकड़ों कार्यकर्ता, पार्षद और पंचायती राज जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

# भुज-दिल्ली नई एक्सप्रेस ट्रेन शुरू होगी, अजमेर-जयपुर सहित कई स्टेशनों को मिलेगा लाभ

स्मार्ट हलचल| जयपुर/गंगापुर सिटी

यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा भुज-दिल्ली-भुज एक्सप्रेस प्रतिदिन नई रेलसेवा का संचालन शुरू किया जा रहा है। यह ट्रेन भीलड़ी-जालोर मार्ग से संचालित होगी, जिससे राजस्थान और गुजरात के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 19403 भुज-दिल्ली प्रतिदिन एक्सप्रेस 23 मई 2026 से भुज से सुबह 11:15 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 11:45 बजे दिल्ली पहुंचेगी। वहीं गाड़ी संख्या 19404 दिल्ली-भुज प्रतिदिन एक्सप्रेस 24 मई 2026 से दिल्ली से शाम 4:40 बजे प्रस्थान कर अगले दिन शाम 7:35 बजे भुज पहुंचेगी। रेल सेवा मार्ग में अंजार, गांधीधाम, बचाउ, भीलड़ी, धनेरा, रानीवाड़ा, मारवाड़ भीनमाल, मोदरान, जालोर, मोकलसर, समदड़ी, लूनी, पाली मारवाड़, मारवाड़ जंक्शन, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, अलवर एवं रेवाड़ी स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

# स्कूल शिक्षा परिवार गंगापुर सिटी की आम सभा 24 को

स्मार्ट हलचल|गंगापुर सिटी

निजी विद्यालयों की समस्याओं के समाधान, शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा परिवार (संघ) ब्लॉक गंगापुर सिटी की आम सभा 24 मई 2026 रविवार को सुबह 8 बजे भगवती पैलेस, उदेई मोड़ पर आयोजित होगी। प्रदेश सचिव एवं जिलाध्यक्ष डॉ. अनुज कुमार शर्मा तथा ब्लॉक अध्यक्ष नीटू सिंह धावाई ने बताया कि सभा में निजी विद्यालयों के संचालन, शिक्षा विभाग की योजनाओं, संगठनात्मक मजबूती एवं विद्यालय संचालकों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभी विद्यालय संचालकों, शिक्षाविदों एवं शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की।

ब्लॉक प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी सारांश जैन ने बताया कि बैठक में यू-डाइस, ईएलसी, आरटीई, लाडो योजना, शिक्षा विभाग की नई गाइडलाइन एवं विद्यालय संचालन संबंधी प्रशासनिक प्रक्रियाओं पर विभागीय अधिकारियों द्वारा जानकारी दी जाएगी।

# ब्यावर में रेगर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्नः एकजुटता और सादगी की दिखी अनूठी मिसाल

## अखिल भारतीय रेगर महापंचायत संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट घनश्याम फुलवारी का हुआ भव्य स्वागत





स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जमालपुरा ब्यावर में रेगर समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक एकता, भाईचारे और संस्कारों का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में समाज के 4 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम में पारंपरिक संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली, जहां समाज के महिला-पुरुषों और युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

विवाह सम्मेलन के दौरान भव्य बिन्दोली, कलश यात्रा और जुलूस का आयोजन किया गया, जो पूरे क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र रहा। इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने के लिए बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे।

### प्रमुख अतिथियों का हुआ सम्मान

इस अवसर पर अखिल भारतीय रेगर महापंचायत संघ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट घनश्याम फुलवारी, ब्यावर जिला अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मौर्य और बीरधीचंद जी कोरवाल सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जमालपूरा रेगर पंचायत के अध्यक्ष मदन जी परासिया, कमल कुमार सिंगाड़िया, किशन फुलवारी, अनिल बालोटिया, चांदमल तिगाया और महेंद्र सिंगाड़िया सहित वरिष्ठजनों ने अतिथियों का पुष्पहार पहनाकर भव्य स्वागत किया।

### सामूहिक विवाह फिजूलखर्ची रोकने और सामाजिक एकता का सशक्त माध्यम '

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एडवोकेट घनश्याम फुलवारी ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज में फिजूलखर्ची को रोकने और जरूरतमंद परिवारों को संबल देने का सबसे प्रभावी माध्यम है। समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकजुटता में है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा, संगठन और सामाजिक जागरूकता से जुड़कर समाज को नई दिशा दें। कार्यक्रम के समापन पर आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की गई और सभी पंच-पटेलों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में गूंजे बिजली-पानी के मुद्दे; सतर्कता समिति ने 4 मामलों का किया निस्तारण

स्मार्ट हलचल

ब्यावर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिला जन अभाव-अभियोग एवं सतर्कता समिति की मासिक बैठक और जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आमजन की समस्याओं को सुना गया और संबंधित विभागों को उनके त्वरित निस्तारण के कड़े निर्देश दिए गए।



### सतर्कता समितिः 4 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट ने बताया कि सतर्कता समिति की नियमित मासिक बैठक के दौरान कुल 17 गंभीर परिवादों पर गहन चर्चा की गई। अधिकारियों की मुस्तैदी से इनमें से 4 पुराने परिवादों का मौके पर ही स्थाई निस्तारण कर दिया गया। एडीएम ने शेष बचे 13 प्रकरणों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को पाबंद किया कि वे तय समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### जनसुनवाई में आए 27 नए मामले, बिजली-पानी पर रहा जोर

इसके बाद आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कुल 27 नए परिवाद सामने आए। इस दौरान मुख्य रूप से पेयजल पाइपलाइन, बिजली आपूर्ति, पानी की किल्लत और राजस्व (जमीन-जायदाद) से जुड़े मामले छाए रहे। परिवादियों की समस्याओं को सुनते हुए एडीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन मामलों में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी प्रकरणों का शीघ्र और प्रभावी रूप से निस्तारण किया जाए।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े ब्लॉक स्तर के अधिकारी

इस महत्वपूर्ण बैठक की खास बात यह रही कि जिला मुख्यालय पर अधिकारी व्यक्तिगत रूप से मौजूद थे, जबकि ब्यावर जिले के सभी ब्लॉक एवं उपखण्ड कार्यालयों के प्रशासनिक अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअली जुड़े रहे।

### बैठक में यह रहे मौजूदः

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस बैठक में एसीईओ गोपाल लाल मीणा, तहसीलदार हनुत सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# बजट में ट्रिप प्लान करने के लिए जरूरी है कि आप सही लोकेशन का चुनाव करें

सिंगल मदर्स के लिए बच्चे की परवरिश करना आसान नहीं होता है। क्योंकि उनकी जिंदगी में ऐसी कई परेशानियां आती हैं, जिन्हें वह अकेले मैनेज करती हैं। लेकिन सिंगल मदर्स अपने बच्चे को हर खुशी देने की कोशिश करती हैं। इस समय गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं और बच्चे घूमने जाने की जिद करते हैं। ऐसे में मां अपने बच्चे के लिए भी ट्रिप प्लान करती हैं। लेकिन सवाल यह है कि वह कम बजट में ट्रिप कैसे प्लान करें। क्योंकि उन्हें अकेले ही घर और बाहर सब मैनेज करना होता है। वहीं अगर आप भी सिंगल मदर हैं और बजट में ट्रिप प्लान करने में परेशान हो रही हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे हैक्स बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप सिर्फ 10 हजार रुपए में घूमने का प्लान बना सकती हैं।

### ऐसे प्लान करें ट्रिप

बजट में ट्रिप प्लान करने के लिए जरूरी है कि आप सही लोकेशन का चुनाव करें। क्योंकि सही लोकेशन आपके बजट को कम करती है। भले ही आप इन जगहों पर घूम चुकी हों, लेकिन बच्चे के लिए आप किसी सस्ती जगह का चुनाव कर सकती हैं।

वहीं सिंगल मदर्स को ऐसी जगह का चुनाव करना चाहिए, जहां पर अच्छी सुविधा और सुरक्षा के लिहाज से भी ठीक हो। जहां पर सस्ते ऑटो या कैब आदि आसानी से मिल सकें। जैसे पहाड़ों वाली जगह पर हर चीज का दाम अधिक रहता है। इन जगहों पर खाने-पीने से लेकर स्टे तक के साधन काफी महंगे होते हैं।

वहीं आपको अपने साथ कुछ खाने पीने की ऐसी चीजें रखनी चाहिए, जो जल्दी खराब न हों। ट्रिप के दौरान आप साथ में फल लेकर जा सकती हैं। इससे स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और जल्दी भूख भी नहीं लगेगी।

### बजट में घूमने के लिहाज से टूर पैकेज बेस्ट ऑप्शन होते हैं

सही लोकेशन का चुनाव करने पर आपको होटल भी कम दाम में मिल जाते हैं और यहां पर पहुंचना भी आसान होता है।

अधिकतर सिंगल मदर्स शहर से बाहर नहीं जाना चाहती हैं, तो आप शहर में रहकर भी घूमने जाने का प्लान बना सकती हैं। आप शहर में बच्चे को ऐसी जगह घुमाएं, जहां पर बच्चे हमेशा से जाना चाहते थे। ऐसा करने से न सिर्फ ट्रैवल और होटल का खर्चा बचेगा, बल्कि शहर में रहकर बच्चे अपनी पसंदीदा जगह घूम सकेंगे।

दूसरे शहर में कम खर्चे के लिहाज से आप शेयरिंग के साधन से घूम सकती हैं। क्योंकि इसमें कम बजट होता है। वहीं बच्चों के साथ घूमने के लिए यह टिप्स आपकी यात्रा को आसान बना देगी।





## देहरादून में करना चाहते कुछ तूफानी तो जरूर एक्सप्लोर करें ये जगहें, जमकर कर सकेंगे मस्ती

देहरादून एक ऐसी जगह है, जहां पर आपको खूबसूरत हिल स्टेशन मिलेंगे। यहां से हरिद्वार, ऋषिकेश, मसूरी और धनोल्टी जैसी कई जगहों पर आप जा सकते हैं। वहीं अगर आप देहरादून में कुछ रोमांचक अनुभव करना चाहते हैं। वहीं कुछ देहरादून में ऐसी जगहों की तलाश करना चाहते हैं, जहां पर कुछ अच्छी एक्टिविटी कर सकें। अगर आप भी देहरादून में कुछ तूफानी करना चाहते हैं, तो आपको आसपास के हिल स्टेशन पर घूमने जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देहरादून की कुछ खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

रॉबर्स केव देहरादून

देहरादून की यह आपको काफी रोमांचक लगेगी। क्योंकि इसकी बनावट लोगों को आकर्षित करती है। जिन लोगों ने पहले कभी गुफा वाली जगहों पर प्रवेश नहीं किया है, उनके लिए यह एडवेंचर्स साबित हो सकता है। क्योंकि यहां पर आपको पैदल जाना होगा। पैरों में पानी होता है और मछलियां आपके पैरों को छूती हैं। हालांकि शुरूआत में आपको गुफा में चलने में थोड़ा डर लग सकता है, लेकिन धीरे-धीरे अंदर जाते ही नॉर्मल लगने लगेगा। प्रयास करें कि आप सुबह-सुबह पहुंचें, क्योंकि यहां पर बहुत भीड़ लगती है। यह मसूरी के पास घूमने लायक अच्छी जगहों में से एक है।

रॉक क्लाइबिंग

अगर आप कुछ तूफानी करना चाहते हैं और बिना किसी सहारे के पेड़ पर चढ़ना चाहते हैं। तो आपको देहरादून में रॉक क्लाइंबिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। यह सालन गांव में रॉक क्लाइबिंग करवाई जाती है। जहां पर आपको हर दिन भीड़ देखने को मिलेगी। आप यहां पर कैंपिंग के साथ कई तरह की एक्टिविटी भी कर सकते हैं। वहीं आप यहां पर पैकेज भी बुक कर सकते हैं और पूरा रात टेंट में बिता सकते हैं। इस दौरान आपको मिट्टी के बर्तन में खाना बनाना होगा और पूरी लाइफ कैंप की तरह जीना होगा। यह आपके लिए एक रोमांचक अनुभव हो सकता है।

मालसी डियर पार्क

अगर आप देहरादून में कुछ रोमांचक करना चाहते हैं, तो मालसी डियर पार्क जा सकते हैं। क्योंकि यह जगह आपको निराश नहीं करेगी। आप यहां पर जिप लाइनिंग और तरह-तरह की एक्टिविटी भी कर सकेंगे। बच्चों को भी यहां पर एक्टिविटी करवाई जाती है। वहीं अगर आप छोटा ट्रिप प्लान कर रही हैं, तो आपको यहां पर आपको भूलकर भी नहीं जाना चाहिए। यह देहरादून के पास घूमने वाली बेस्ट जगहों में से एक है।

## भीड़ से दूर बेहद शांत है उत्तराखंड का ये हिल स्टेशन, जन्नत में आने का होगा एहसास

समर वेकेशन में हजारों लोग घूमने-फिरने के लिए निकल गए हैं। तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं, जिन्होंने अभी तक कोई ट्रिप प्लान नहीं कर पाए हैं। वह किसी पहाड़ी जगह पर घूमने जाना चाहते हैं, लेकिन लोकेशन नहीं ढूंढ पा रहे हैं। वहीं कुछ लोग ऋषिकेश-नैनीताल नहीं जाना चाहते हैं, क्योंकि इन जगहों पर समर वेकेशन में यहां पर पर्यटकों की अधिक भीड़ आती है। इसलिए अगर आप किसी ऐसी जगह की तलाश कर रहे हैं, जो नैनीताल और ऋषिकेश से भी अधिक सुंदर हो। तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उत्तराखंड की एक सबसे खूबसूरत जगह के बारे में बताने जा रहे हैं।

मुनस्यारी - अगर आप भी दिल्ली की गर्मी से परेशान होकर अपने परिवार के साथ उत्तराखंड में अच्छी जगह ढूंढ रहे हैं। तो फौरन आपको मुनस्यारी का ट्रिप प्लान करें। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, ट्रेकिंग और ऊंचे पहाड़ों के लिए जाना जाता है। मुनस्यारी में गर्मियों में आपको अधिक भीड़ नहीं मिलने वाली है। क्योंकि मुनस्यारी काफी ऊंचाई पर स्थित है। नैनीताल से मुनस्यारी पहुंचने में आपको करीब 11 से 12 घंटे का समय लगता है। वहीं ऋषिकेश से भी यहां तक पहुंचने में करीब इतना ही समय लगेगा। यह मसूरी के पास घूमने के लिहाज से काफी अच्छी जगह है।

### ऐसे पहुंचे मुनस्यारी

अगर आप दिल्ली से यात्रा करने का प्लान बना रहे हैं, तो बस से यात्रा करने के लिए अच्छा है। हालांकि इसमें ज्यादा समय लग सकता है।

अगर आप चाहें तो दिल्ली से देहरादून के लिए ट्रेन ले सकते हैं। फिर मुनस्यारी के लिए बस ले सकते हैं।

इसके साथ ही मुनस्यारी के लिए कैब की सुविधा भी मौजूद है। लेकिन इसमें खर्च ज्यादा होता है। वहीं अगर आप बजट में यात्रा करने का प्लान बना रहे हैं, तो बस से यात्रा करें।

आने-जाने में असुविधा न हो इसके लिए पहले से बस की बुकिंग कर लें। क्योंकि अधिक भीड़ होने पर आपको बस में सीट मिलने में मुश्किल हो सकती है।

दिल्ली से मुनस्यारी की दूरी करीब 604 किमी है। यहां पर पहुंचने में आपको 13-14 घंटे का समय लग सकता है।

प्रयास करें कि आप रात में बस ले लें। जिससे कि सुबह मुनस्यारी में ही आंख खोलें। इससे आपका सफर आराम से सोकर बीतेगा।

मुनस्यारी परिवार के साथ घूमने के लिहाज से काफी अच्छी जगह है।

## प्रकृति, शांति और रोमांच का संगम है पार्वती घाटी में बसा कसोल

हिमाचल प्रदेश की पार्वती घाटी में बसा कसोल एक छोटा लेकिन बेहद खूबसूरत पर्यटन स्थल है, जो खासकर युवाओं, ट्रेकिंग प्रेमियों और विदेशी पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। समुद्र तल से लगभग 1,580 मीटर की ऊँचाई पर स्थित कसोल को फभारत का मिनी इज़राइलफ भी कहा जाता है, क्योंकि यहाँ बड़ी संख्या में इज़राइली पर्यटक आते हैं और यहाँ की संस्कृति में उनका प्रभाव देखा जा सकता है।

कसोल की खासियत

कसोल एक शांत और सुरम्य गाँव है, जो पार्वती नदी के किनारे स्थित है। यहाँ का वातावरण बेहद शांत, स्वच्छ और ठंडा होता है। ऊँचे पहाड़, घने देवदार के जंगल, कलकल बहती पार्वती नदी और रंग-बिरंगे कैफ़े इस स्थान को बेहद आकर्षक बनाते हैं।



### प्रमुख आकर्षण

**1. पार्वती नदी**

यह तेज बहाव वाली नदी कसोल की जान मानी जाती है। इसके किनारे टहलना, चट्टानों पर बैठकर मन को शांति देना और फोटोग्राफी करना पर्यटकों को बहुत पसंद आता है।

**2. तोश और मणिकरण**

कसोल से थोड़ी दूरी पर स्थित ये गाँव अपने प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध हैं। मणिकरण में गर्म पानी के झरने और गुरुद्वारा प्रमुख आकर्षण हैं, जबकि तोश ट्रेकिंग प्रेमियों का पसंदीदा गाँव है।

**3. चालल गाँव**

कसोल से लगभग 30 मिनट की पैदल दूरी पर स्थित यह छोटा गाँव ट्रेकिंग और कैम्पिंग के लिए आदर्श है। यहाँ आप स्थानीय संस्कृति को करीब से जान सकते हैं।

**4. इज़राइली कैफ़े और भोजन**

कसोल में कई इज़राइली कैफ़े और रेस्तराँ हैं जहाँ आप फलाफल, शाकशूका, हुम्मस आदि विदेशी व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं।

### कसोल में करने योग्य गतिविधियाँ

ट्रेकिंग (खीरगंगा, तोश, चालल, ग्रहन)

कैम्पिंग और बोनफायर

रिवर साइड कैफ़े में समय बिताना

स्थानीय लोगों से मिलकर पहाड़ी संस्कृति को समझना

हर्बल चाय और हिमाचली हस्तशिल्प की खरीदारी

यात्रा का उत्तम समय

मार्च से जून- गर्मियों में ठंडी जलवायु और ट्रेकिंग के लिए अनुकूल मौसम।

सितंबर से नवंबर- मानसून के बाद की हरियाली और साफ आसमान।

दिसंबर से फरवरी- बर्फबारी का आनंद लेने के लिए उत्तम।

कैसे पहुँचे कसोल?

हवाई मार्ग- निकटतम हवाई अड्डा भुंतर (कुल्लू) है, जो कसोल से लगभग 31 किमी दूर है।

रेल मार्ग- निकटतम रेलवे स्टेशन जोगिंदरनगर है, लेकिन सड़क मार्ग से पहुँचना अधिक सुविधाजनक है।

सड़क मार्ग- दिल्ली, चंडीगढ़ और मनाली से कसोल तक नियमित बस और टैक्सी सेवाएं उपलब्ध हैं।

कसोल एक ऐसा गंतव्य है जहाँ आप भीड़भाड़ से दूर प्रकृति के साथ एक गहरा रिश्ता बना सकते हैं। यहाँ का शांत वातावरण, रोमांचक ट्रेक्स, विदेशी भोजन और पहाड़ी सौंदर्य, हर पर्यटक को मंत्रमुग्ध कर देता है। चाहे आप सोलो ट्रैवलर हों, कपल या दोस्तों के साथ - कसोल हर किसी के लिए एक यादगार अनुभव है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com